रांची, रविवार, 25 जनवरी 2026
संवत 2082, माघ शुक्लपक्ष 7 मूल्य-2 रुपये
वर्ष-9, अंक 134 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

4 ▶▶ देश विदेश में आउटसोर्सिंग के लिए बढ़ रही है टे सटाइल डिजाइनरों की मांग

रानी मुखर्जी ने सोशल मीडिया नेगेटिविटी को लेकर साझा की राय ◀◀ 6



चतरा में उग्रवादियों का तांडव

# टीएसपीसी ने एनसीसी कंपनी का हाइवा जलाया, क्षेत्र में दहशत

**मेट्रो रेज**

**चतराः** जिले के टंडवा और मगध-आम्रपाली कोयलांचल क्षेत्र में उग्रवाद की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। एक बार फिर प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी ने बड़ी वारदात को अंजाम देकर इलाके में दहशत फैला दी है।

करोड़ों रुपये का वाहन जलकर राखः चतरा जिले के टंडवा थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात उग्रवादियों ने एनसीसी कंपनी के एक वोल्वो हाइवा वाहन को आग के हवाले कर दिया। यह घटना कुमरांग खुर्द चौपाल के पास रात करीब 11:30 बजे हुई। जानकारी के अनुसार, 5 से 6 की संख्या में नकाबपोश हथियारबंद अपराधी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बंदूक की नोक पर हाइवा चालक को वाहन से नीचे उतारा और फिर पेट्रोल डालकर वाहन में आग लगा दी। देखते ही देखते करोड़ों रुपये का वाहन जलकर राख हो गया।



पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैंः बताया जा रहा है कि इस घटना की साजिश पहले से ही रची गई थी। एक सप्ताह पहले टीएसपीसी संगठन के प्रवक्ता कर्मवीर ने एक प्रेस बयान जारी कर कई कंपनियों को चेतावनी दी थी। संगठन ने लेवी (रंगदारी) नहीं देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी थी। हैरान करने वाली बात यह है कि एनसीसी कंपनी के जीएम ने पहले ही पुलिस को संभावित खतरे की जानकारी दे दी थी और सुरक्षा की मांग भी की थी। इसके बावजूद उग्रवादी इस वारदात को अंजाम देने में सफल रहे, जिससे पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

अधिकारियों और कर्मचारियों में डर का माहौलः फिलहाल चतरा पुलिस इस घटना को लेकर जांच की बात कह रही है और सीधे तौर पर इसे उग्रवादी हमला मानने से बच रही है। एहतियात के तौर पर पूरे इलाके में पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी गई है और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इस आगजनी की घटना के बाद कोयलांचल क्षेत्र में काम कर रहे अधिकारियों और कर्मचारियों में डर का माहौल है। कर्मचारी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और कई लोग माइनिंग साइट पर जाने से कतरा रहे हैं। इसका असर कोयला परियोजनाओं के कामकाज पर भी साफ तौर पर दिखाई देने लगा है।


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई
अनूप कुमार साहू
अनूप स्वीट हाउस, होटल सीता रसोई


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई
केदार महतो
अधिवक्ता खूंटी


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई
अरूण सांगा
समाजसेवी सह युवा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष खूंटी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई

जयकांत कश्यप
समाजसेवी सह जिलाध्यक्ष आजसू, खूंटी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई

आनंद कुमार राम
जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, खूंटी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई

शाल्या परवीन
(खलारी पूर्वी जिला परिषद)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई

दिनेश कुमार गुप्ता
(एनके एरिया महाप्रबंधक)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई

लक्ष्मी बाखला
समाजसेवी, महिला नेत्री खूंटी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई

लक्ष्मण महतो
किसान, समाजसेवी, खूंटी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई

देवेंद्र सिंह
( मोनेट डेनियल कोल वाशरी)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई

अब्दुल्ला अंसारी
एनके एरिया सचिव (आरसीएमएस) सह मजदूर नेता

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई

दीपक सिंह
अक्षत फर्नीचर, खूंटी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई

अनुज कुमार
परियोजना पदाधिकारी (चूरी)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई

मनोज कुमार स्वाइं
(मानव संसाधन एवं प्रशासन) मोनेट डेनियल कोल वाशरी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई

जयदीप टोप्पो
थाना प्रभारी खलारी

# नक्सली आत्मसमर्पण करें या फिर कड़े प्रहार के लिए रहें तैयारः डीजीपी तदाशा मिश्रा

संवाददाता



**रांचीः** झारखंड के दुर्गम सारंडा जंगल क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ चलाए गए बड़े अभियान में सुरक्षा बलों को मिली ऐतिहासिक सफलता के बाद पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) तदाशा मिश्रा ने नक्सलियों को कड़ा संदेश दिया है।

**यह केवल एक मुठभेड़ नहीं, बल्कि.. :** मिश्रा ने कहा कि अब नक्सलियों के पास केवल दो ही रास्ते बचे हैं - आत्मसमर्पण करें या फिर कानून के कड़े प्रहार के लिए तैयार रहें। डीजीपी ने दावा किया कि सारंडा बहुत जल्द पूरी तरह नक्सल मुक्त होगा। डीजीपी ने शनिवार को चाईबासा में आयोजित विशेष प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्रवाई को राज्य की आंतरिक सुरक्षा के लिहाज से अब तक की सबसे बड़ी और निर्णायक सफलता है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक मुठभेड़ नहीं, बल्कि नक्सली संगठनों के शीर्ष नेतृत्व और पूरे नेटवर्क पर सीधा, रणनीतिक और निर्णायक प्रहार था। मिश्रा ने बताया कि खुफिया एजेंसियों से मिली ठोस जानकारी के आधार पर छोटानागरा थाना क्षेत्र के कुमडीह और बहवा इलाके में व्यापक घेराबंदी की गई थी। 22 और 23 जनवरी की रात से शुरू हुए इस संयुक्त अभियान में झारखंड पुलिस, कोबरा बटालियन और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों ने कई दौर की मुठभेड़ों में नक्सलियों को करारा जवाब दिया।

**अब तक कुल 17 नक्सलियों के शव बरामद किए जा चुके हैंः** मिश्रा ने बताया कि इस ऑपरेशन में एक करोड़ रुपये के इनामी कुख्यात नक्सली अनल उर्फ पतिराम मांझी और 25 लाख के इनामी अनमोल को मार गिराया गया है, जो नक्सली संगठनों के लिए बड़ा झटका है। डीजीपी ने जवानों की बहादुरी, संयम और अनुशासन की सराहना करते हुए इसे राज्य के लिए गर्व का क्षण बताया। डीजीपी ने जानकारी दी कि इस अभियान में अब तक कुल 17 नक्सलियों के शव बरामद किए जा चुके हैं। सुरक्षा बलों ने बड़ी मात्रा में अत्याधुनिक हथियार भी जब्त किए हैं, जिनमें एके-47 और इंसास राइफलें शामिल हैं। मारे गए नक्सलियों में अनल (सीसीएम), अनमोल (बीजेएसएसी), अमित मुंडा (आरसीएम), पिंटू लोहरा और लालजीत जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं। उन्होंने इस कार्रवाई को नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में एक ऐतिहासिक टर्निंग पॉइंट बताया।

मिश्रा ने कहा कि शीर्ष नक्सली दस्ते के सफाए के बाद अब सारंडा के सुदूर और पिछड़े इलाकों में विकास योजनाओं को तेजी से लागू किया जाएगा। जिन क्षेत्रों को पहले नक्सलियों का गढ़ माना जाता था, वहां नए सुरक्षा कैंप स्थापित किए जा रहे हैं, ताकि स्थायी शांति और विकास का माहौल बन सके। प्रेस वार्ता में सीआरपीएफ के आईजी साकेत कुमार सिंह, आईजी अभियान एस. माइकल राज, डीआईजी अनुरंजन किस्पोट्टा, एसपी अमित रेनू सिंह सहित कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

## कृषि व अनुषंगी विभागों की प्रगति की उपायुक्त ने की समीक्षा

# डिजिटल फसल सर्वे, मृदा नमूना संग्रहण व योजनाओं में तेजी लाने का निर्देश



संवाददाता

**चतराः** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में शनिवार को उपायुक्त कीर्तिश्री की अध्यक्षता में कृषि एवं अनुषंगी विभागों की मासिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, प्रभारी प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक सहित ईटखोरी आजीविका महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, ईटखोरी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।बैठक में मासिक प्रगति प्रतिवेदन के अवलोकन के उपरांत उपायुक्त ने विभिन्न योजनाओं में अवशेष राशि को यथाशीघ्र व्यय करने का निर्देश दिया। सर्वे डिजिटल क्रॉप सर्वे की समीक्षा के क्रम में लक्षित 2944 सर्वेयर के विरुद्ध मात्र 543 सर्वेयर बनाए जाने पर उपायुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी एवं बीटीएम/एटीएम को तीन दिनों के भीतर 100 प्रतिशत सर्वेयर तैयार कर लक्ष्य पूर्ण करने का स्पष्ट निर्देश दिया। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत कंपनियों द्वारा प्रस्तुत विपत्रों की नियमानुसार अविलंब निकासी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही बीटीएम/एटीएम को कार्यालय द्वारा कराए जा रहे भौतिक सत्यापन को शीघ्र पूर्ण कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया।मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के अंतर्गत 9636 मृदा नमूनों के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 4308 नमूनों का संग्रहण किए जाने की जानकारी दी गई। शेष 5328 मृदा नमूनों का संग्रहण 15 दिनों के भीतर पूर्ण करने का निर्देश उपायुक्त द्वारा दिया गया।आत्मा योजना के तहत प्रशिक्षण एवं परिभ्रमण के लिए लोक सेतु पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी कर कृषकों से संपर्क स्थापित करते हुए प्रशिक्षण एवं परिभ्रमण कार्यक्रम सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया।बैठक में बताया गया कि एनएफएसएम पल्स/राइस/ट्रफा प्लस/इडिबल ओलिसिडस /वेल्यू चेन पार्टनर तथा रबी मौसम के अंतर्गत बीज वितरण का कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है।इसके अतिरिक्त झारखंड कृषि ऋण माफी योजना के तहत शेष पात्र कृषकों को योजना से आच्छादित करने के लिए कैंप आयोजित कर लाभान्वित करने का निर्देश भी उपायुक्त द्वारा दिया गया।उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने एवं निर्धारित समय-सीमा के भीतर लक्ष्यों की प्राप्ति करने का निर्देश दिया।

# गणतंत्र दिवस पर इस बार दुमका में तिरंगा नहीं फहराएंगे मुख्यमंत्री, उपायुक्त को सौंपी जिम्मेदारी



संवाददाता

**रांचीः** उपराजधानी दुमका में गणतंत्र दिवस के अवसर पर इस वर्ष एक नया इतिहास बनने जा रहा है। राज्य स्थापना के बाद पहली बार ऐसा होगा जब दुमका में गणतंत्र दिवस पर तिरंगा मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि जिला उपायुक्त फहराएंगे।

गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर सभी तैयारियां पूरीः अब तक यह परंपरा रही है कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री उपराजधानी दुमका में तिरंगा फहराते हैं, लेकिन इस बार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विदेश दौरे पर होने के कारण दुमका नहीं पहुंच सकेंगे। वहीं, संथाल परगना प्रमंडलीय आयुक्त का पद भी पिछले लगभग तीन महीनों से रिक्त है। ऐसे में इस वर्ष जिला उपायुक्त अभिजीत सिन्हा को तिरंगा फहराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुलिस लाइन मैदान में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शनिवार को परेड का फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया, जिसमें उप विकास आयुक्त और पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। हालांकि मुख्यमंत्री इस बार समारोह में शामिल नहीं हो पाएंगे, लेकिन प्रशासन की ओर से आयोजन में किसी भी तरह की कमी नहीं छोड़ी जा रही है।

सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गएः इस वर्ष संथाल परगना प्रमंडल के सभी छह जिलों से कुल 15 प्लाटून परेड में भाग लेंगे। इसमें झारखंड सशस्त्र पुलिस (जैप), आईआरबी और एनसीसी की टुकड़ियां भी शामिल होंगी। साथ ही 14 विभागों की आकर्षक झांकियां भी प्रदर्शित की जाएंगी। उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान ने बताया कि मुख्यमंत्री विदेश दौरे पर हैं और झारखंड में निवेश को बढ़ावा देने से जुड़े कार्यक्रमों में व्यस्त हैं। ऐसी स्थिति में उपायुक्त द्वारा तिरंगा फहराया जाएगा और इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वहीं पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार ने कहा कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। यातायात व्यवस्था के लिए रूट लाइन तैयार की गई है और पुलिस लाइन मैदान में कुल तीन प्रवेश द्वार बनाए गए हैं, जिनमें वीआईपी के लिए अलग गेट की व्यवस्था की गई है।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2026 पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

# त्रुटिरहित मतदाता सूची निर्माण में उत्कृष्ट योगदान देने वाले बीएलओ व सुपरवाइजर सम्मानित

संवाददाता



**चतराः** राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2026 के अवसर पर शनिवार को समाहरणालय परिसर में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में मतदाता प्रतिज्ञा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान समाहरणालय परिसर में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा मतदाता जागरूकता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई गई।

इसके उपरांत समाहरणालय सभाकक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों, अधिकारियों एवं कर्मियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई।इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्रीमती कीर्तिश्री जी ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया के लिए शुद्ध एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची का होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) एवं बीएलओ सुपरवाइजरों की भूमिका निर्वाचन व्यवस्था में अत्यंत महत्वपूर्ण है, जो जमीनी स्तर पर मतदाता सूची को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने में सतत कार्य करते हैं।कार्यक्रम के दौरान मतदाता सूची के निर्माण एवं अद्यतन कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजरों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित कर्मियों में सिमरिया अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत पत्थलगड्डा प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 146, उत्क्रमित उच्च विद्यालय तेतरिया के बीएलओ मिथलेश कुमार, टंडवा प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 402, मध्य विद्यालय उलातू की बीएलओ कलावती देवी, सिमरिया प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 100 से 110 के बीएलओ सुपरवाइजर रोहित कुमार, गिद्धौर प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 172 से 181 की बीएलओ सुपरवाइजर प्रियंका प्रिया, चतरा अनुमंडल अंतर्गत हंटरगंज प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 1 से 10 के बीएलओ सुपरवाइजर अनिल कुमार गुप्ता, कुंदा प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 273 से 277 के बीएलओ सुपरवाइजर रंजन कुमार राजू, चतरा प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 368 की बीएलओ सरिता देवी तथा हंटरगंज प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 21 की बीएलओ सुधा कुमारी शामिल हैं।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी सहित जिला स्तरीय पदाधिकारी, कर्मी एवं अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# ठंड से राहत, 30 जनवरी तक साफ रहेगा मौसम, तापमान में लगातार बढ़ोतरी

## 26 जनवरी को कोहरा और बादल छाएं रहेंगे



**रांचीः** राज्य में कड़ाके की ठंड से अब धीरे-धीरे राहत मिल रही है। मौसम साफ रहने के कारण दिन में धूप तेज हो रही है और तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक मौसम शुष्क बने रहने की संभावना जताई है।

दिन चढ़ते ही आसमान साफ हो जाएगा और धूप निकलेगीः झारखंड में ठंड का असर अब कम होने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार 30 जनवरी तक पूरे राज्य में मौसम साफ और शुष्क रहेगा। उत्तर-पश्चिम भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ का झारखंड पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा, इसलिए फिलहाल बारिश की कोई संभावना नहीं है। हालांकि सुबह के समय हल्की धुंध या कोहरा देखने को मिल सकता है, लेकिन दिन चढ़ते ही आसमान साफ हो जाएगा और धूप निकलेगी। पिछले 24 घंटों में राज्य के अधिकतम तापमान में करीब 4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है। डालटनगंज में सबसे अधिक तापमान 31.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि कांके में न्यूनतम तापमान 5.7 डिग्री सेल्सियस रहा।

आसमान साफ रहने से दिन में गर्मी महसूस हो रहीः मौसम विशेषज्ञों के अनुसार उत्तर-पश्चिमी हवाओं की रफ्तार कम होने और आसमान साफ रहने से दिन में गर्मी महसूस हो रही है। आने वाले दो दिनों में न्यूनतम तापमान भी 2 से 3 डिग्री तक बढ़ सकता है। राजधानी रांची और आसपास के इलाकों में अधिकतम तापमान 28 से 29 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11 से 12 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। देवघर, दुमका और गिरिडीह जैसे उत्तर-पूर्वी जिलों में दिन का तापमान 30 डिग्री के आसपास पहुंच सकता है। वहीं पलामू, गढ़वा और चतरा जैसे पश्चिमी जिलों में गर्मी ज्यादा रहेगी और तापमान 32 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है।

मौसम विभाग ने कोई अलर्ट जारी नहीं कियाः 26 से 28 जनवरी के बीच सुबह हल्का कोहरा छा सकता है, लेकिन दिन भर मौसम साफ रहेगा। 29 और 30 जनवरी को आंशिक बादल जरूर दिख सकते हैं, फिर भी मौसम शुष्क बना रहेगा। कुल मिलाकर अगले कुछ दिनों तक झारखंड में दिन गर्म और रातें ठंडी रहने की संभावना है। फिलहाल राज्य के किसी भी हिस्से के लिए मौसम विभाग ने कोई अलर्ट जारी नहीं किया है।

# गणतंत्र दिवस की अंतिम तैयारियों का उपायुक्त व एसडीपीओ सिमरिया ने लिया जायजा

## झंडोत्तोलन, राष्ट्रगान व परेड निरीक्षण का हुआ सफल पूर्वाभ्यास






संवाददाता

**चतराः** गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, चतरा में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की अंतिम तैयारियों का उपायुक्त कीर्तिश्री एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमरिया द्वारा संयुक्त रूप से जायजा लिया गया। इस दौरान झंडोत्तोलन, राष्ट्रगान एवं परेड निरीक्षण सहित सभी कार्यक्रमों का सफल पूर्वाभ्यास किया गया।निरीक्षण यान पर सवार होकर उपायुक्त एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमरिया ने संयुक्त रूप से परेड का निरीक्षण किया। परेड में कुल 11 प्लाटून शामिल रहे, जिनमें सीआरपीएफ 190 बटालियन, आईआरबी पुरुष व महिला, सशस्त्र बल, गृहरक्षक वाहिनी, एनसीसी (डीएवी विद्यालय), इंदिरा गांधी आवासीय उच्च विद्यालय की स्काउट-गाइड टीम, जवाहर नवोदय विद्यालय तथा नाजेरथ विद्या निकेतन के छात्र-छात्राएं शामिल थे।परेड निरीक्षण के पश्चात उपायुक्त ने झंडोत्तोलन कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। राष्ट्रगान के दौरान स्टेडियम में उपस्थित सभी पदाधिकारी, स्कूली बच्चे एवं नागरिकों ने सहभागिता निभाई।निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने कार्यक्रम स्थल पर टेंट, मंच व्यवस्था, साफ-सफाई, अतिथियों की प्रवेश-व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि गणतंत्र दिवस समारोह गरिमामय एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो।पूर्वाभ्यास कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, डीआरडीए निदेशक अलका कुमारी, अनुमंडल पदाधिकारी (चतरा) जहूर आलम, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शकील अहमद, पुलिस विभाग के पदाधिकारी, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित रहे।

# हजारीबाग में सरस्वती विसर्जन जुलूस के दौरान दो पक्षों के बीच झड़प, पत्थरबाजी में कई घायल, पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे



**हजारीबागः** जिले के केरेडारी में शनिवार शाम सरस्वती पूजा विसर्जन जुलूस के दौरान दो पक्षों के बीच झड़प हो गई। इस घटना में कई लोगों के घायल होने की सूचना है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पूरे क्षेत्र को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। दरअसल,मां सरस्वती की प्रतिमा विसर्जन के दौरान दो पक्षों के बीच विवाद हो गया, जो बाद में झड़प में बदल गया। घटना में एक बच्चा समेत सात लोग घायल हो गये हैं। स्थिति को नियंत्रित करने के दौरान कुछ पुलिसकर्मी भी चोटिल हुए हैं। मामले को शांत करने के लिए पुलिस को आंसू गैस का प्रयोग करना पड़ा। बेलतू गांव के ग्रामीण सरस्वती प्रतिमा विसर्जन के लिए रानी तालाब की ओर जा रहे थे। विसर्जन यात्रा के दौरान डीजे बज रहा था, जिस पर दूसरे पक्ष ने आपत्ति जतायी। डीजे बजाने को लेकर हुआ विवादः डीजे बजाने को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हुई और दोनों पक्ष आमने-सामने आ गये। इसके बाद पत्थरबाजी होने लगी। घटना शनिवार की रात करीब आठ बजे की बतायी जा रही है। सूचना मिलने पर केरेडारी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर मामले को शांत कराने का प्रयास किया। काफी प्रयास के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराया। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। एहतियात के तौर पर इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गयी है। हजारीबाग के एसपी अंजनी अंजन ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए कहा कि भीड़ को तितर-बितर करने के लिए एक राउंड आंसू गैस का प्रयोग किया गया। फिलहाल स्थिति सामान्य है और शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए प्रशासन सतर्क है।

# गणतंत्र दिवस को लेकर रांची रेल मंडल के सभी स्टेशनों पर बढ़ाई गई सुरक्षा

## यात्रियों से सतर्क रहने का आह्वान

संवाददाता



**रांचीः** गणतंत्र दिवस को लेकर रांची रेल मंडल के सभी स्टेशनों पर भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। यात्रियों से भी आग्रह किया गया है कि वे भी सतर्क रहें। इसके साथ ही अगर किसी तरह की संदिग्ध वस्तु स्टेशन या ट्रेन में नजर आती है तो तुरंत रेल पुलिस से संपर्क करें।

**श्वान दस्ता से जांच**

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) रांची के कमांडेंट पवन कुमार के निदेर्शों के अनुक्रम में 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर रांची रेल मंडल के सभी रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद कर दिया गया है। यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। जिसमें सीसीटीवी कैमरों की सघन निगरानी, सुरक्षा बलों की भारी तैनाती और निरंतर गश्त शामिल है। पूरे रेलवे स्टेशन परिसर में विशेष निगरानी रखी जा रही है। साथ ही श्वान दस्ते से भी जांच करवाई जा ही है।

**हर स्टेशन में अलर्ट**

कमांडेंट पवन कुमार ने बताया कि रांची रेल मंडल के प्रमुख स्टेशनों जैसे रांची जंक्शन, हटिया, ओरमांझी और अन्य उप स्टेशनों पर आरपीएफ, गवर्नमेंट रेलवे पुलिस (जीआरपी) और रेलवे कर्मियों की संयुक्त टीमें दिन-रात सक्रिय हैं। उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस जैसे संवेदनशील अवसर पर किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए पूर्ण सतर्कता बरती जा रही है।

यात्रियों की सुरक्षित और सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए स्टेशन परिसर में किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु या गतिविधि पर कड़ी नजर रखी जा रही है। यात्रियों से विशेष अपील करते हुए अधिकारियों ने कहा कि स्टेशन क्षेत्र में कोई भी असामान्य गतिविधि दिखने पर तुरंत नजदीकी आरपीएफ, जीआरपी या रेलवे कर्मचारी को सूचित करें। अपने सामान पर खुद नजर रखें, अनजान लोगों से कोई पैकेट या खाद्य सामग्री न लें और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें।

**चेकिंग अभियान तेज**

रेलवे प्रशासन ने जोर देकर कहा कि यात्रियों की सुरक्षा हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। इसके अलावा, स्टेशनों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से 24७7 निगरानी की जा रही है। जबकि सुरक्षा बलों की पेट्रोलिंग और चेकिंग अभियान तेज कर दिए गए हैं। 26 जनवरी के पावन अवसर पर सभी यात्री सजग, सतर्क और जागरूक रहकर रेल प्रशासन का सहयोग करें, ताकि सभी की रेल यात्रा सुरक्षित रहे।

# डायन-बिसाही के शक में मासूम की हत्या, दो गिरफ्तार

संवाददाता



**खूंटीः** जिले के मारंगहदा थाना क्षेत्र में अंधविश्वास और डायन-बिसाही के शक ने इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना हुई है। डायन-टोना के आरोप में सात साल के मासूम बच्चे की बेरहमी से हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस सनसनीखेज हत्याकांड में 55 वर्षीय रघु मुंडा और 25 वर्षीय जगरनाथ मुंडा उर्फ जगरा मुंडा को गिरफ्तार कर लिया है। घटना 23 जनवरी 2026 की है।

पुलिस के अनुसार, लांदुप पंचायत के बीमडीह गांव निवासी रघु मुंडा को शक था कि उसके बेटे की कुछ दिन पूर्व बीमारी से हुई मौत की वजह लक्ष्मण मुंडा द्वारा किया गया जादू-टोना है। इसी अंधविश्वास और प्रतिशोध की भावना में रघु मुंडा ने जगरनाथ मुंडा के साथ मिलकर लक्ष्मण मुंडा के सात साल के बेटे को निशाना बनाया। दोनों आरोपियों ने बच्चे को चॉकलेट देने के बहाने बुलाया और कुदाल की बेंत से कूच-कूच कर उसकी निर्मम हत्या कर दी।

**आरोपियों ने स्वीकार किया अपराध**

बच्चे का शव मिलने के बाद पिता लक्ष्मण मुंडा के फर्द बयान पर मारंगहदा थाना में मामला दर्ज किया गया था। थाना प्रभारी विकास कुमार जायसवाल के नेतृत्व में की गई त्वरित जांच के दौरान कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया गया, जिसके बाद हत्याकांड का खुलासा हुआ। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया।

**थाना प्रभारी ने की पुष्टि**

इस संबंध में मारंगहदा थाना प्रभारी विकास कुमार जायसवाल ने बताया कि इस मामले में 23 जनवरी को मारंगहदा थाना कांड संख्या 02/2026 दर्ज किया गया था, जिसमें बीएनएस 2023 की धारा 103(1), 238(अ) और डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत मामला दर्ज किया गया था। आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त कुदाल बरामद की गई है। साथ ही घटनास्थल से खून लगी मिट्टी, पत्ते और मृतक का एक जोड़ा चप्पल भी जब्त किया गया है।

पुलिस ने बताया कि मामले के उद्भेदन में हुंट मुखिया सोमा मुंडा और बंदाडीह के ग्रामीणों का भी सहयोग मिला। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी विकास कुमार जायसवाल, केस आईओ संतोष रजक, सहायक अवर निरीक्षक रमजानुल हक, बिनल तिग्गा समेत मारंगहदा थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे।

### झारखंड की सियासत में ऐतिहासिक क्षण

# पाकुड़ के पूर्व विधायक अकील अख्तर एआईएमआईएम में हुए शामिल



मेट्रो रेज

**रांचीः** झारखंड की राजनीति में आज एक ऐतिहासिक और अहम मोड़ दर्ज हुआ, जब पाकुड़ के पूर्व विधायक जनाब अकील अख्तर साहब ने दरुस्सलाम, हैदराबाद में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) की सदस्यता ग्रहण की।

उन्हें एआईएमआईएम की सदस्यता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बैरिस्टर असुद्दीन क्वैसी साहब के कर-कमलों से दिलाई गई। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश अध्यक्ष मो. साकिर साहब ने पार्टी का पट्टा पहनाकर अकील अख्तर साहब का औपचारिक रूप से पार्टी में स्वागत किया।इस गरिमामय अवसर पर प्रदेश महासचिव (संगठन) महताब आलम,प्रदेश महासचिव इंतकाम अंसारी,प्रदेश कोषाध्यक्ष कैसर आलम एवंकोल्हान प्रमंडल प्रभारी सलिक जावेद ने भी पार्टी का पट्टा पहनाकर उनका गर्मजोशी से पार्टी में इस्तेकबाल किया। एआईएमआईएम नेतृत्व ने विश्वास व्यक्त किया कि अकील अख्तर साहब के पार्टी में शामिल होने से झारखंड में मजलूमों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों की आवाज और अधिक मजबूती के साथ उठेगी। उनकी राजनीतिक समझ और अनुभव से पार्टी को जमीनी स्तर पर नई ताकत मिलेगी।

यहशामिला एआईएमआईएम के संगठनात्मक विस्तार और झारखंड में सामाजिक न्याय, बराबरी और हक की लड़ाई को और धार देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# शराब के नशे में चालक ने 3 गाड़ियों को मारी टक्कर, 4 घायल, मची चीख पुकार

संवाददाता

**धनबादः** जिले के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात शराब के नशे में तेज रफ्तार कार चलाने से बड़ा हादसा हो गया। एक बेकाबू कार ने मेमको मोड़ पर एक के बाद एक तीन वाहनों को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में चार लोग घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर है।

**मौके पर चीख-पुकार मच गई**

बीते शनिवार रात धनबाद के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र स्थित मेमको मोड़ पर अफरा-तफरी मच गई, जब शराब के नशे में धुत एक कार चालक ने तेज रफ्तार में वाहन चलाते हुए तीन गाड़ियों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोग दहशत में आ गए। जानकारी के अनुसार, कार में चालक के अलावा दो अन्य युवक सवार थे। तीनों ने मेमको मोड़ स्थित शराब दुकान से शराब खरीदी और वहीं खड़े होकर शराब पी। इसके बाद चालक नशे की हालत में तेज रफ्तार से कार चलाने लगा। सबसे पहले कार ने सड़क किनारे खड़ी एक गाड़ी को टक्कर मारी। इसके बाद दूसरी कार और फिर एक एसयूवी को भी टक्कर मार दी।

**दुर्घटना में सभी वाहनों को काफी नुकसान पहुंचा**

इस हादसे में रणबीर कुमार और एक महिला समेत चार लोग घायल हो गए। रणबीर कुमार और महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। अन्य दो घायलों का भी इलाज चल रहा है। दुर्घटना में सभी वाहनों को काफी नुकसान पहुंचा है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि अगर उस समय सड़क पर ज्यादा भीड़ होती, तो हादसा और भी बड़ा हो सकता था। राहत की बात यह रही कि एक कार में सवार पूरा परिवार इस हादसे में सुरक्षित बच गया।

पुलिस ने कार की तलाशी के दौरान शराब की बोतलें बरामद कीं: घटना के बाद स्थानीय लोगों ने कार चालक को मौके पर ही पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान चालक ने अपनी गलती स्वीकार की। हालांकि, कार में सवार उसके दो साथी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर बरवाअड्डा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कार की तलाशी के दौरान शराब की बोतलें बरामद कीं और आरोपी चालक को हिरासत में लेकर मेडिकल जांच के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और फरार युवकों की तलाश जारी है।

# बाल दीप फाउंडेशन बुझते बचपन में जलता भविष्य का दीपक : ललन कुमार



मेट्रो रेज संवाददाता

**रांचीः** बाल दीप फाउंडेशन, रांची, अपने नाम के अनुरूप उन बच्चों के जीवन में शिक्षा की रोशनी प्रज्ज्वलित कर रहा है, जिनका बचपन गरीबी, अभाव और संघर्षों में भटक गया है। कुछ बच्चे ऐसे भी हैं जो अनाथ हैं।

ऐसे परिवार जहां माता-पिता अपने लिए भी दो जून की रोटी जुटा पाने में असमर्थ हैं, वहां बच्चों की शिक्षा एक सपना बनकर रह जाती है।इन्हीं बच्चों के अंधकारमय होते भविष्य को उजाले की ओर ले जाने का संकल्प लिया है भारतीय सेना से सेवानिवृत्त ललन कुमार ने।

पिछले लगभग 9 वर्षों से वे अपने निजी संसाधनों के बलबूते हरमू हाउसिंग कॉलोनी, रांची स्थित अपने आवास एचआई-67 में निःस्वार्थ भाव से इन वंचित बच्चों को शिक्षा, संस्कार और जीवन-दिशा प्रदान कर रहे हैं।

यहां केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण की दिशा में भी बच्चों को संस्कारित किया जाता है। इन्हीं बच्चों संग सरस्वती पूजनोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया।

मां सरस्वती की आराधना के साथ बच्चों के चेहरे पर जो आत्मविश्वास, आशा और खुशी दिखी, वह इस प्रयास की सबसे बड़ी सफलता है। ललन कुमार का मानना है कि शिक्षा के साथ-साथ चारित्रिक विकास भी जरूरी है। इस दिशा में समाजसेवियों और सामाजिक संगठनों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि बालदीप फाउंडेशन ने समाज के कमजोर वर्ग के बच्चों को शिक्षित और सुसंस्कृत करने का जो संकल्प लिया है, उसे पूरा करने की हर संभव कोशिश की जाएगी।

# महिलौंग में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर सह मोतियाबिंद जांच कैंप



**अनगड़ाः** महिलौंग में शनिवार को उषा मार्टिन फाउंडेशन एवं शालिनी अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर सह मोतियाबिंद जांच कैंप लगाया गया। मरीजों को जांच कर दवा दी गयी। शालिनी अस्पताल के वरीय प्रबंधक राणा विकास ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को बुनियादी चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। शिविर में रक्तचाप मापन, नेत्र जांच सह मोतियाबिंद जांच, महिलाओं व बच्चों के लिए विशेष चिकित्सा सेवाएं दी गयी। कहा कि अभी प्रतिदिन गांवों में शिविर लगाकर व मोतियाबिंद के मरीजों की पहचान कर अस्पताल में ऑपरेशन 27 जनवरी से किया जायेगा। शालिनी अस्पताल में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, सुरक्षित प्रसव सुविधा, जनरल मेडिसिन, सर्जरी, नेत्र जांच सहित मोतियाबिंद ऑपरेशन की समुचित व आधुनिक व्यवस्था उपलब्ध है। मोतियाबिंद का ऑपरेशन फेको पद्धति से किया जाता है। शिशिर भगत ने कहा की अस्पताल में प्रतिवर्ष हजारों मरीजों का सफलतापूर्वक मोतियाबिंद ऑपरेशन किया जाता है। चालू वर्ष में भी लगभग 1000 मरीजों के ऑपरेशन करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।



## आदिवासी समूहों से संवाद में भागवत का विविधता में एकता पर रहा जोर पेसा नियमों को लेकर जताई आपत्ति

**रांचीः** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को रांची में आदिवासी समूहों के साथ बंद कमरे में हुई बातचीत के दौरान विविधता में एकता के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम में शामिल एक प्रतिभागी के अनुसार, इस संवाद में विभिन्न समुदायों से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

आदिवासी प्रतिनिधियों ने उठाए अहम सवालः बैठक के दौरान आदिवासी समूहों के प्रतिनिधियों ने धार्मिक रूपांतरण, पेसा नियमों में कथित खामियों और डीलिस्टिंग जैसे विषयों को सामने रखा। मोहन भागवत ने सभी पक्षों की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और संवाद के अंत में अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम में शामिल कांग्रेसः विधायक रमेश्वर उरांव की पुत्री नीशा उरांव ने संवाद के बाद मीडिया से कहा कि अपने समापन वक्तव्य में मोहन भागवत ने कहा कि भारतीय परंपरा और धर्म ह्यविविधता में एकताह्न सिखाते हैं। उन्होंने कहा कि रास्ते अलग हो सकते हैं, लेकिन मंजिल एक है और भारतीय धर्म सभी मार्गों को मान्यता देता है।

पेसा नियमों को लेकर आपत्ति दर्जः नीशा उरांव ने बताया कि उन्होंने पेसा नियमों में कथित खामियों का मुद्दा मोहन भागवत के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि नियमों में प्रथागत कानूनों, सामाजिक और धार्मिक परंपराओं का उल्लेख नहीं है, जबकि यही इस अधिनियम का मूल है। उनके अनुसार, यह खामी आदिवासी समुदायों के लिए नुकसानदेह साबित हो सकती है।

पेसा अधिनियम की पृष्ठभूमिः पेसा अधिनियम, जो अनुसूचित क्षेत्रों में आदिवासी समुदायों के अधिकारों को मान्यता देता है, वर्ष 1996 में लागू किया गया था। झारखंड सरकार ने मंत्रिमंडल की 23 दिसंबर 2025 की मंजूरी के बाद 2 जनवरी को इसके नियमों को अधिसूचित किया।

पांच घंटे चली बैठक में कई नेता शामिलः करीब साढ़े दस बजे शुरू हुई यह बैठक लगभग पांच घंटे तक चली। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा और चंपाई सोरेन, पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित कई आदिवासी नेता मौजूद रहे। मोहन भागवत झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर हैं। इससे पहले शुक्रवार को उन्होंने संघ के राज्य नेतृत्व के साथ भी बैठक की थी।

# 'देखो कौन वापस आ गया है'... एमएस धौनी का प्रैक्टिस वीडियो वायरल, आईपीएल को लेकर अटकलें तेज

संवाददाता



**रांचीः** भारत और चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी एक बार फिर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उनका प्रैक्टिस करते हुए एक वीडियो सामने आया है, जिसके बाद यह कयास लगाए जा रहे हैं कि धोनी ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 की तैयारी शुरू कर दी है।

झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) ने सोशल मीडिया पर धोनी का एक छोटा वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में धोनी नेट अभ्यास से पहले पैड पहनते नजर आ रहे हैं। वीडियो के कैप्शन में लिखा गया है, देखो कौन वापस आ गया है , जबकि पोस्ट में उन्हें जेएससीए का गौरवः महेंद्र सिंह धोनी बताया गया है। नेट प्रैक्टिस से पहले धोनी को पूर्व भारतीय बल्लेबाज और जेएससीए अधिकारी सौरभ तिवारी से बातचीत करते हुए भी देखा गया। इस वीडियो के सामने आते ही फैंस के बीच आईपीएल 2026 में धोनी की मौजूदगी को लेकर उत्साह बढ़ गया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, आईपीएल 2026 की शुरूआत 26 मार्च से हो सकती है, जबकि फाइनल मुकाबला 31 मई को खेले जाने की संभावना है। धोनी ने साल 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, लेकिन वह इसके बाद से लगातार आईपीएल में खेलते आ रहे हैं। फिलहाल चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी ऋतुराज गायकवाड़ के हाथों में है, लेकिन धोनी अब भी टीम के सबसे अहम खिलाड़ियों में शामिल हैं। फैंस आज भी माही को देखने के लिए स्टेडियम पहुंचते हैं। चाहे मैच चेन्नई में हो या किसी और शहर में, पूरा मैदान पीली जर्सी से भर जाता है। आईपीएल में धोनी सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 2008 से अब तक 38।30 की औसत और 137।45 की स्ट्राइक रेट से 5439 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 24 अर्धशतक लगाए हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 84 रन रहा है। धोनी के नाम आईपीएल में 375 चौके और 264 छक्के दर्ज हैं। धोनी आईपीएल के छठे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। इस सूची में पहले नंबर पर विराट कोहली हैं।

उपायुक्त-सह- जिला दण्डाधिकारी, का कार्यालय, गुमला।
(पंचायत शाखा)
(dprogumla11@gmail.com

:- आम सूचना :-

नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 के निमित राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड, राँची द्वारा महापौर/अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद के अभ्यर्थियों के लिए अयोग्यताओं के संदर्भ में आयोग की प्रति आम जनों के जानकारी हेतु अनुमण्डल पदाधिकारी, गुमला/प्रशासक नगर परिषद, गुमला के सूचना पट पर प्रदर्शित कर दी गई है।

जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)
गुमला।

PR.NO.371598 Panchayati Raj(25-26):D



# अंतर्राष्ट्रीय व्यापार जगत में बनाएं कॅरियर

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार अधिकारी का काम व्यापार का विकास और दो देशों के बीच गुड्स एंड सर्विसेज के लेन-देन और गठजोड़ को बढ़ावा देना होता है। जिस कंपनी के लिए आप काम कर रहें है उस पर ग्लोबलाइजेशन का क्या प्रभाव पड़ रहा है यह भी देखना अधिकारी की जिम्मेदारी होती है। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार अधिकारी अपने क्लाइंट्स को विदेशी व्यापारों की स्टेटिस्टिक्स, भविष्य के अनुमानों और व्यापार में निवेश के विषय में जानकारी प्रदान करता है। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार आज के ग्लोबलाइजेशन की दुनिया में सबसे प्रमुख उद्योगों में से एक बन गया है। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं या क्षेत्रों के आर-पार पूंजी, माल और सेवाओं का आदान-प्रदान करना होता है। यह करियर अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग के अंतर्गत आता है और जिस भी कैंडिडेट को बैंकिंग फील्ड में रूचि है वह इस क्षेत्र में एक अच्छा करियर बना सकते हैं।

**नेचर ऑफ़वर्क** - अंतर्राष्ट्रीय व्यापार अधिकारी का काम व्यापार का विकास और दो देशों के बीच गुड्स एंड सर्विसेज के लेन-देन और गठजोड़ को बढ़ावा देना होता है। जिस कंपनी के लिए आप काम कर रहें है उस पर ग्लोबलाइजेशन का क्या प्रभाव पड़ रहा है यह भी देखना अधिकारी की जिम्मेदारी होती है। एक व्यापार अधिकारी अपने नीचे काम रहे लोग जो व्यापार प्रक्रिया का निरिक्षण, जांच और लेखापरीक्षा करते हैं उनकी भी देख-रेख करता है और साथ ही असिस्टेंट ट्रेड कमिश्नर्स और बंदरगाह के डायरेक्टर्स के साथ काम करता है।

**पाठ्यक्रम के बारे में** - ग्लोबल पीजी डिप्लोमा इन बैंकिंग एंड फाइनेंस एक वर्ष का कोर्स है। इसके तहत बैंकिंग ऑपरेशंस, धन प्रबंधन, ट्रेड फाइनेंस, फोरेक्स, फाइनेंस एसएमई जैसे विषय पढ़ाया व सिखाया जाता है। इस कोर्स में स्टूडेंट्स कंप्यूटर की बेसिक जानकारी के साथ, व्यापार संचार और शेयर बाज़ार में किस तरह काम होता है उसका प्रशिक्षण दिया जाता है।

**योग्यता** - स्नातक और किसी भी स्ट्रीम से अंतिम वर्ष के छात्र बैंकिंग और फाइनेंस के कोर्स में आवेदन कर सकते हैं और इंटरनेशनल ट्रेड ऑफिसर बनने की राह में अपना पहला कदम रख सकते हैं। जिन विद्यार्थी के स्नातक में कम से कम 50 प्रतिशत है वह भीं इस कोर्स में आसानी से आवेदन कर सकते हैं।

**अवसर** - इस कोर्स के पूरा होने के बाद कैंडिडेट बड़ी कंपनियों में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, आयात और निर्यात के विभागों में एक ऑफिसर के पद के लिए आवेदन कर सकता है। कैंडिडेट विदेशी मंत्रालय में भी नौकरी के लिए भी आवेदन कर सकते हैं। विदेशी भाषाओँ का ज्ञान होना जरुरी नही होता पर फिर भी अगर आपको आती है है तो ये आपके लिए लाभदायक साबित हो सकता है।

**आमदनी** - अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में रूचि रखने वाले लोग इसमें अपना अच्छा भविष्य बना सकते हैं। एक इंटरनेशनल ट्रेड ऑफिसर की न्यूमतम सैलरी 40 से 50 हजार होती है और तजुर्बे के साथ साथ जिसमे इजाफा होता रहता है।



# देश-विदेश में आउटसोर्सिंग के लिए बढ़ रही है टेक्सटाइल डिजाइनरों की मांग

**काम की दृष्टि से देखें तो टेक्सटाइल उद्योग 1980 से अब तक एक लंबा सफर तय कर चुका है। तब आप या तो एक छोटे से डिजाइन स्टुडियो के लिए काम कर सकते हैं, जो उसे टेक्सटाइल मिलों को ही भेजता था या आप मिल में ही काम पा सकते हैं। चुनौती, डिजाइन की पेपर ड्राइंग तैयार करने तक ही सीमित हैं, आप नहीं जानते कि आपकी रचना किस रूप में सामने आएगी। बुनाई, रंगाई, प्रिंटिंग और कढाई जैसे कौशल से फैब्रिक को कई रूपों में गढ़ा जा सकता है। यही विविधता टेक्सटाइल डिजाइनरों को रोमांचित करती है।**

## कहां हैं केन्द्र

कॉरपोरेट ऑफिस और डिजाइनर स्टूडियो शहरों में स्थित हैं, लेकिन असल गतिविधियां तो करूर, पानीपत, कुन्नूर जैसे कस्बों में स्थित फैक्टरियों, हथकरघे और हस्तशिल्प केन्द्रों में हो रही हैं जहां परंपरागत शिल्प के अनुसार काम किया जाता है। होम फर्नीशिंग का कलेक्शन तैयार किया जाता है, वह विदेशों में लगातार बिकता है।

## बनाएं करियर

एक टेक्सटाइल डिजाइन प्रोग्राम आपको डिजाइन के तकनीकी और रचनात्मक पहलुओं में प्रशिक्षित करेगा। एक प्रतिष्ठित संस्थान से टेक्सटाइल डिजाइन प्रोग्राम पास करने वाले उम्मीदवार को पहली ही नौकरी में 20,000 से 30,000 रूपए मासिक वेतन मिल सकता है। तो पोलिटेक्निक से कोर्स करने वाला छात्र एक्सपर्ट हाउस जैसे संस्थानों में 8,000 रुपए से शुरूआत कर सकते हैं। काम की दृष्टि से देखें तो टेक्सटाइल उद्योग 1980 से अब तक एक लंबा सफर तय कर चुका है। तब आप या तो एक छोटे से डिजाइन स्टुडियो के लिए काम कर सकते हैं, जो उसे टेक्सटाइल मिलों को ही भेजता था या आप मिल में ही काम पा सकते हैं। चुनौती, डिजाइन की पेपर ड्राइंग तैयार करने तक ही सीमित हैं, आप नहीं जानते कि आपकी रचना किस रूप में सामने आएगी।

## फुलटाइम जॉब

टेक्सटाइल डिजाइन ग्रेजुएट्स, एक्सपोर्ट हाउस, बाइंग (खरीदार) हाउस, टेक्सटाइल मिल, हैंडलूम मिल में फुलटाइम नौकरी कर सकते हैं या फिर फैशन डिजाइनरों, डिजाइन स्टुडियो या बाइंग एजेंसी के लिए काम कर सकते हैं। हमें स्थानीय बाजार से फैब्रिक खरीदना पड़ता था, उसके अनुसार डिजाइन तैयार करने पडते हैं, कढाई करवानी पड़ती और कलेक्शन से मैच करते पैटर्न प्रिंट करने पडते, उसके बाद ही अच्छा उत्पाद तैयार हो पाता है।

कई एक्सपोर्ट हाउस अपने डिजाइनरों को भारत और विदेशों में डिजाइन ईवेंट्स और प्रदर्शनियों में जाने का भी अवसर देते हैं। घरेलू बाजार में टेक्सटाइल डिजाइनरों की मांग है ही, विदेशों में आउटसोर्सिंग के लिए डिजाइनरों की मांग बढ़ रही है।

## कारीगरों से संपर्क भी जरूरी

कारीगरों के साथ काम टेक्सटाइल डिजाइनरों के काम का एक अन्य पहलू है। कलाकारों से संपर्क बनाए रखने के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल करना बहुत जरूरी है इससे समस्या सुलझने वाले अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्हें बाजार संबंधी जानकारी देना आपका भी काम है। यदि आप चुनौतियां स्वीकार नहीं करते तो डिजाइन प्रोफेशन आपके लिए है ही नहीं।

## कहां से करें कोर्स

टेक्सटाइल डिजाइन कोर्स कक्षा 12 के बाद डिजाइन संस्थानों द्वारा करवाया जाने वाला चार वर्षीय अंडरग्रेजुएट कोर्स है। चयन प्रेक्टिकल स्टुडियो टेस्ट और इंटरव्यू के जरिए होता है, डिजाइन कैरियर में आपका एप्टीट्यूड, रूचि और मोटीवेशन का स्तर आंका जाता है। फैब्रिक, शिल्प या संबंधित पहलुओं का अनुभव जरूरी है। रचनात्मकता दर्शाने के लिए आपको पोर्टफोलियो भी तैयार करना पड़ सकता है। कोर्स में पहले साल बुनियादी डिजाइन कोर्स कराया जाता है, इसके अलावा छात्र स्पेशलाइजेशन के क्षेत्रों से परिचित होते हैं। पाठ्यक्रम प्रोजेक्ट्स से जुडा होता है और टेक्सटाइल के सारे पहलू इसमें शामिल होते हैं, मसलन, वीविंग (बुनाई), प्रिंटिंग, रंगाई और विभिन्न उपयोगों के लिए फैब्रिक तैयार करना। स्टुडेंट्स एक्सचेंज प्रोग्राम भी समृद्ध अनुभव करवाने वाले होते हैं।

## पीजी के लिए योग्यता

आपने किसी संबंधित स्ट्रीम से ग्रेजुएशन किया है, तो टेक्सटाइल का ज्ञान अर्जित करने के लिए पीजी कर सकते हैं। एनआईडी में पीजी प्रोग्राम के लिए योग्यताएं हैं-बीएफए, डिजाइन डिग्री इन टेक्सटाइल, निटवियर या फैशन, टेक्सटाइल्स के साथ होम साइंस, इंटीरियर डिजाइन एंड आर्किटेक्चर, टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी में स्पेशलाइजेशन वाली इंजीनियरिंग डिग्री कर चुके भी पीजी प्रोग्राम कर सकते हैं। अन्य विषय में ग्रेजुएट्स को टेक्सटाइल्स उद्योग में एक साल का अनुभव है तो यह पीजी प्रोग्राम कर सकते हैं।

## और भी हैं रास्ते

आप टेक्सटाइल डिजाइन में स्पेशलाइजेशन के साथ बैचलर इन फाइन आर्ट्स भी कर सकते हैं, इस कोर्स का फोकस तकनीकी कौशल पर होता है। लेकिन डिजाइन संस्थानों और फाइन आर्ट्स कॉलेजों में सीटें सीमित होती हैं। एक अन्य रास्ता है, बीएससी इन होम साइंस जिसमें टेक्सटाइल भी एक विषय होता है। मिसाल के तौर पर लेडी इरविन कॉलेज बीएससी इन होम साइंस प्रोग्राम में फैब्रिक एंड एपेरल साइंस की भी पेशकश करता है। इसके अलावा फैब्रिक एंड एपेरल साइंस में एमएससी भी उपलब्ध है। दुर्भाग्य से होम साइंस कोर्स महिलाओं के लिए ही है। पोलिटेक्निक और क्राफ्ट्स इंस्टीट्यूट भी ऐसे प्रोग्राम की पेशकश करते हैं। कई डिजाइन और छोटे स्टुडियो इन संस्थानों से सहायकों का चयन करते हैं। नियुक्ति पार्ट टाइम या प्रोजेक्ट के आधार पर होती है। आप कोई भी रास्ता अपनाएं, रचनात्मकता, टेक्सटाइल के लिए जुनून और अधिक से अधिक सीखने की लगन आपको दूसरों से आगे ले जाएगी।

## उद्यमी भी बन सकते हैं



टेक्सटाइल डिजाइनर बनने के बाद आपके लिए उद्यमी बनने के भी रास्ते खुले हैं। आप अपना डिजाइन स्टूडियो खोलकर डिजाइनरों की सेवाएं ले सकते हैं, और अंतर्राष्ट्रीय तथा भारतीय क्लाइंट्स की जरूरतें पूरी करने पर अपना ध्यान केन्द्रित कर सकते हैं। 20-25 लोगों की टीम के साथ उनकी कंपनी डिजाइन फैब्रिक और सॉफ्ट होम फर्नीशिंग पर ध्यान केन्द्रित करती है। हालांकि जब-तब उन्हें अपनी वेबसाइट के जरिए विदेशों से एक अनूठा प्रोजेक्ट भी हाथ लग जाता है। लम्बे समय तक विदेशी ट्रेंड और तकनीक की समझ होने की वजह से हमें यह समझ आ जाती है कि कौन से प्रिंट चल सकते हैं, कौन से नहीं। नवीनतम डिजाइनों से परिचित होने के अलावा सफल उद्यमी बनने के लिए मार्केटिंग और प्रबंधन में कुशल होना भी जरूरी है। एप्रोच बहुत जरूरी है। रचनात्मकता जो बाजार में प्रासांगिक हो और सांस्कृतिक विरासत, शिल्प या क्षेत्रीय पहचान को सामने ला सके, वह आपके लिए अधिक जरूरी है। उनके प्रोजेक्ट्स में घरेलू रिटेल स्टोर के लिए टेक्सटाइल डिजाइन तैयार करना और आर्किटेक्ट्स तथा इंटीरियर डिजाइनरों के साथ काम घरों के लिए होम फर्नीशिंग तैयार करना शामिल है।





# गणतंत्र दिवस पर बिछाई जाने वाली लाल कालीन का उसकी विदेश नीति पर क्या प्रभाव पड़ता है?



भारत 26 जनवरी को अपना गणतंत्र दिवस मनाएगा - यह वह दिन है जब देश ने अपना संविधान अपनाया और औपचारिक रूप से एक गणतंत्र बन गया, अपने औपनिवेशिक अतीत से मुक्ति प्राप्त की। दिल्ली के प्रतिष्ठित सेंट्रल बुलेवार्ड पर वार्षिक भव्य परेड का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सैन्य टैंक गुजरेंगे और लड़ाकू विमान आसमान में गरजते हुए उड़ान भरेंगे, जिसे हजारों लोग देखेंगे। यह परेड अपने आप में एक शानदार आयोजन है, लेकिन सबकी निगाहें इस बात पर भी टिकी हैं कि समारोह में सबसे प्रमुख पदों पर कौन बैठेगा। इस वर्ष, ये पद यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा के पास होंगे। भारत ने उन्हें समारोहों के लिए मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है, जिससे यूरोपीय संघ देश के सबसे प्रतिष्ठित राजकीय आयोजनों में से एक के केंद्र में आ गया है। इस दिन, भारत अपनी राजधानी के केंद्र को एक मंच में बदल देता है। हजारों सैनिक उत्साहित भीड़ के सामने मार्च करते हैं, बख्तरबंद वाहन कर्तव्य पथ (पूर्व में राजपथ या किंग्स एवेन्यू) से गुजरते हैं और रंग-बिरंगी झांकियां या झांकियां दिल्ली में दर्शकों के सामने से निकलती हैं, जबकि लाखों लोग देश भर में अपनी स्क्रीन पर इसे देखते हैं।

परेड की अध्यक्षता भारतीय राष्ट्रपति करते हैं, और मुख्य अतिथि उनके बगल में बैठते हैं - यहां तक ??कि सबसे वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों की तुलना में भी राष्ट्रपति की कुर्सी के करीब।

भारत के राष्ट्रपति के बगल में कौन बैठेगा, इसे हमेशा से महज एक औपचारिकता से कहीं अधिक महत्व दिया जाता रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि दशकों से, मुख्य अतिथि का चयन भारत की विदेश नीति की प्राथमिकताओं और दिल्ली द्वारा किसी विशेष अवसर पर उजागर किए जाने वाले संबंधों के सूचक के रूप में बारीकी से देखा जाने लगा है।

इस परंपरा की शुरूआत 1950 में हुई जब तत्कालीन इंडोनेशियाई राष्ट्रपति सुकर्णो ने भारत के पहले गणतंत्र दिवस परेड में भाग लिया। गणतंत्र बनने के शुरूआती वर्षों में, भारत ने अन्य नव-स्वतंत्र देशों के साथ संबंधों को प्राथमिकता दी - यह दृष्टिकोण मुख्य अतिथियों के प्रारंभिक चयन में भी परिलक्षित होता है।

तब से, इस परेड में दुनिया भर के नेताओं ने भाग लिया है, जो भारत के वैश्विक संबंधों और रणनीतिक प्राथमिकताओं में आए बदलावों को दर्शाते हैं। मुख्य अतिथियों में भूटान और श्रीलंका जैसे पड़ोसी देशों के नेताओं से लेकर अमेरिका और ब्रिटेन सहित प्रमुख शक्तियों के राष्ट्राध्यक्ष और सरकार प्रमुख शामिल रहे हैं।

ब्रिटेन पांच बार मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जा चुका है - जिनमें महारानी एलिजाबेथ द्वितीय और प्रिंस फिलिप शामिल हैं - जो दोनों देशों के बीच लंबे और जटिल संबंधों को दशार्ता है। फ्रांस और रूस (पूर्व सोवियत संघ) के नेताओं को भी 1950 से लगभग पांच बार आमंत्रित किया जा चुका है, जो इन दोनों देशों के साथ भारत के दीर्घकालिक रणनीतिक संबंधों को दशार्ता है।

इतने व्यापक श्रेणी के पूर्व अतिथियों को देखते हुए, सवाल यह उठता है कि भारत यह कैसे तय करता है कि किसी विशेष वर्ष में किसे निमंत्रण दिया जाएगा।

चयन प्रक्रिया काफी हद तक सार्वजनिक नजर से दूर रहती है। पूर्व राजनयिकों और मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, यह प्रक्रिया आमतौर पर विदेश मंत्रालय में शुरू होती है, जो संभावित आमंत्रितों की एक संक्षिप्त सूची तैयार करता है। अंतिम निर्णय प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा लिया जाता है, जिसके बाद चयनित देशों के साथ आधिकारिक संचार होता है - इस प्रक्रिया में कई महीने लग सकते हैं।

नाम न बताने की शर्त पर विदेश मंत्रालय के एक पूर्व अधिकारी ने कहाः ₹रणनीतिक उद्देश्यों, क्षेत्रीय संतुलन और किसी देश को पहले आमंत्रित किया गया है या नहीं, इन सभी बातों को ध्यान में रखा जाता है।₹

अमेरिका में भारत के पूर्व राजदूत नवतेज सरना ने कहा कि निर्णय लेने में बहुत सोच-विचार किया जाता है।

उन्होंने कहा, ₹यह महत्वपूर्ण साझेदारों, पड़ोसियों और प्रमुख शक्तियों के बीच संतुलन का मामला है,₹ और साथ ही यह भी जोड़ा कि उस दौरान राज्य के नेता की उपलब्धता भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

विदेश नीति विश्लेषक हर्ष वी पंत ने कहा कि मुख्य अतिथियों की बदलती सूची भारत के विश्व के साथ बदलते संबंधों को दशार्ती है। उन्होंने कहा, ₹इस वर्ष यूरोपीय संघ के प्रतिनिधिमंडल और उसके नेतृत्व को देखें तो यह स्पष्ट है कि हम यूरोपीय संघ के साथ अपने संबंधों को और मजबूत कर रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा कि संभवतः एक व्यापार समझौते की घोषणा की जाएगी - जो इस बात का संकेत होगा कि वर्तमान भू-राजनीतिक स्थिति के संबंध में भारत और यूरोपीय संघ एकमत हैं। यह ऐसे समय में हो रहा है जब भारत व्यापार समझौते को लेकर अमेरिका के साथ बातचीत जारी रखे हुए है । लगभग एक साल से चल रही इन वाताओं ने दोनों देशों के संबंधों में तनाव पैदा कर दिया है, क्योंकि अमेरिका ने भारतीय वस्तुओं पर 50% टैरिफ लगा दिया है, जो एशिया में सबसे अधिक है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज IN ब्रीफ

## मेरा युवा भारत साहिबगंज के द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया



**साहिबगंज :** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अधीन मेरा युवा भारत साहेबगंज के द्वारा 16 वीं राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मतदाता सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।मुख्य अतिथि के रूप में राज कोचिंग सेंटर के शिक्षक श्री रविकांत तांती ने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस प्रत्येक वर्ष २५ जनवरी को मनाया जाता है।विश्व में भारत जैसे सबसे बड़े लोकतंत्र में मतदान को लेकर कम होते रुझान को देखते हुए राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाने लगा था। पहली बार इसे वर्ष 2011 में मनाया गया। इसके मनाए जाने के पीछे निर्वाचन आयोग का उद्देश्य था कि देश भर के सभी मतदान केंद्र वाले क्षेत्रों में प्रत्येक वर्ष उन सभी पात्र मतदाताओं की पहचान की जाएगी जिनकी उम्र एक जनवरी को 18 वर्ष हो चुकी होगी। इस सिलसिले में 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज किए जाएंगे और उन्हें निर्वाचन फोटो पहचान पत्र सौंपे जाएंगे। पहचान पत्र बांटने का काम सामाजिक, शैक्षणिक व गैर-राजनीतिक व्यक्ति करेंगे।और मो कौशर अंसारी ने बताया किराष्ट्रीय मतदाता दिवस के पीछे निर्वाचन आयोग का उद्देश्य अधिक मतदाता, विशेष रूप से नए मतदाता बनाना है। इसके लिए इस अवसर को सार्वभौम वयस्क मतदान को पूर्ण वास्तविकता बनाना और इस प्रकार भारतीय लोकतंत्र की गुणवत्ता को बढ़ाना है। यह दिवस मतदाताओं में मतदान प्रक्रिया में कारगर भागीदारी के बारे में जानकारी फैलाने के रूप में भी प्रयोग किया जाएगा।भारत में मतदान आधारित लोकतंत्र के लिए 25 जनवरी पहले से ही एक ऐतिहासिक अवसर है।कार्यक्रम का संचालन मेरा युवा भारत साहेबगंज के चंदन कुमार ने किया।इस कार्यक्रम में ,गौरव,गोलू,सोनू,राहुल, प्रिया,पंकज,रखी,सोनी,नीली,प्रिया के साथ सैकड़ों युवाओं ने भाग लिया ।

## शिक्षा ज्ञान और संस्कार के मार्ग पर चलने का दी संदेश



**साहिबगंज :** सदर प्रखंड स्थित छोटी कोदर्जन्ना मे जय मां शारदे युवा क्लब पूजा समिति लगातार 25 वर्षों के विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा पूरे श्रद्धा,भक्ति और उल्लास के साथ आयोजन करते आ रही है।वही संध्या आरती में शामिल होने के लिए समाजसेवी सह भाजपा आईटी सेल के जिला संयोजक अनुराग राहुल पहुंचे।जहाँ पूजा समिति द्वारा उनका पुरजोर स्वागत किया गया।वही अनुराग राहुल ने पूजा समिति के साथ मां सरस्वती को नमन करते हुए शिक्षा,ज्ञान और संस्कार के मार्ग पर चलने का संदेश दिया।अनुराग राहुल ने बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार,अनुशासन और नैतिक मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी।पूजा कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भक्ति गीत,सरस्वती वंदना और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से माहौल को भक्तिमय बना दिया।मौके पर पूजा समिति के यशवंत पासवान,विकाश कुमार पासवान,टिंकू,अंकित ठाकुर,कुंदन रजक,विक्की यादव, सोनू ठाकुर, विजय पासवान, अखिलेश, सुमन,आदि शामिल हुए।

## मतदान केंद्रों का बीडीओ-सीओ ने किया निरीक्षण

**हरिहरगंज :** पलामू जिले के हरिहरगंज में आसन्न नगर निकाय चुनाव को लेकर शनिवार को बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी और सीओ मनीष सिन्हा ने आधा दर्जन मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। बीडीओ ने कहा कि शहर के सियरभुक्का, डेमा एवं अन्य मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया है। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र में बिजली, पानी, शौचालय एवं अन्य सुविधाओं का जायजा लिया गया है एवं स्कूल के शिक्षकों से पूछताछ किया गया है।

## बीपीआरओ के घर से 34 लाख की संपत्ति की चोरी

**विश्रामपुर :** पलामू जिले के विश्रामपुर थाने के नौगढा ओपी क्षेत्र के पंजरी खुर्द गांव में शुक्रवार की रात विश्रामपुर प्रखंड में पदस्थापित बीपीआरओ रौशन कुमार पाठक के घर से चोरों ने 32 लाख रुपये कीमत के आभूषणों के साथ-साथ दो लाख रुपये नकद चोरी कर फरार हो गए। भुक्तभोगी परिवार ने चोरी गये सभी सामानों की सूची सहित आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना के सभी बिन्दुओं पर गहन अनुसंधान शुरू कर दिया है। थानाप्रभारी ऋषिकेश दूबे ने बताया कि पुलिस सभी संभावित बिंदुओं पर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। भुक्तभोगी ने बताया कि चोरों ने घर से कुछ ही दूरी पर बक्से में रखे सामान ले जाने के बाद कुछ सामान वहीं फेंक दिया था।

## श्रद्धा के साथ मां सरस्वती की प्रतिमा का किया गया विसर्जन

**मेदिनीनगर :** सरस्वती पूजा के दूसरे दिन शनिवार को श्रद्धालुओं ने श्रद्धा के साथ पूजा करने के बाद प्रतिमा का विसर्जन किया। शोभायात्रा निकालकर प्रतिमा विसर्जन करने का दौरान शनिवार को देर शाम तक चला। मेदिनीनगर सिटी के अलावा ग्रामीण क्षेत्र में भी निकटवर्ती तालाब, नदी व अन्य जलाशयों में प्रतिमा का विसर्जन किया गया। मेदिनीनगर सिटी के कोयल तट विसर्जन जुलूस के कारण शाम में गूंजते रहे। मेदिनीनगर सदर अनुमंडल के सतबरवा कस्बे में शनिवार को माता सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन शोभायात्रा निकाल कर किया गया। जयकारा लगाते हुए श्रद्धालुओं ने माता की प्रतिका का विसर्जन किया। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सह कसियाडीह मवि के प्रधानाध्यापक गोविंद प्रसाद ने महोत्सव के दौरान पढ़ाई के प्रति जागृत होने की जरूरत पर बल दिया।सतबरवा थाना परिसर में सरस्वती पूजा के उपरांत मूर्ति विसर्जन शोभायात्रा में काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। जिले के अन्य प्रखंड यथा पांकी, नीलांबर-पीतांबरपुर, तरहसी, मनातू, पाटन, पंडवा, विश्रामपुर, हरिहरगंज, छतरपुर, चैनपुर, हुसैनाबाद आदि क्षेत्र में भी शोभायात्रा निकाली गई।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बाल विवाह उन्मूलन को लेकर चला सशक्त अभियान




संवाददाता

**साहिबगंज :** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेर्शानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज श्री अखिल कुमार के मार्गदर्शन में जिले भर में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बालिका सशक्तिकरण एवं बाल विवाह उन्मूलन को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बाल विवाह की रोकथाम व उन्मूलन को लेकर समुदाय को कानूनी रूप से जागरूक करना है ।बालिकाओं के अधिकारों की जानकारी देना उनके स्वास्थ्य शिक्षा एवं समग्र विकास से जुड़े मुद्दों पर संवेदनशीलता बढ़ाना रहा।प्राधिकार के सचिव श्री विश्वनाथ भगत ने जानकारी देते हुए बताया कि जागरूकता कार्यक्रमों के दौरान बाल विवाह से होने वाले सामाजिक, कानूनी एवं स्वास्थ्य संबंधी दुष्परिणामों जैसे स्कूल छोड़ना, कुपोषण, कम उम्र में गर्भधारण, गंभीर स्वास्थ्य जोखिम एवं कानूनी अधिकारों से वंचित होना पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिभागियों को बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 की विस्तृत जानकारी दी गई तथा बाल विवाह की रोकथाम में माता-पिता, अभिभावकों, बाल विवाह प्रतिषेध पदाधिकारियों एवं समुदाय की भूमिका पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया।उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में जिले के विभिन्न विद्यालयों, पंचायतों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं सामुदायिक स्थलों पर जागरूकता सत्र आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में लीगल एड डिफेन्स काउंसिल , पैरा लीगल वालंटियर्स न्याय मित्रों द्वारा लोगों को बालिकाओं के अधिकार, निःशुल्क कानूनी सहायता, हेल्पलाइन सेवाओं एवं रिपोर्टिंग तंत्र की विस्तृत जानकारी दी गई। अभियान के दौरान प्रतिभागियों को बालिकाओं के लिए संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि योजना, पोषण अभियान ,मिशन पोषण 2.0, पीएम पोषण मिड-डे मील, जननी सुरक्षा योजना सहित राज्य सरकार की अन्य कल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई।जागरूकता को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।जिसमें बच्चों ने बाल विवाह के दुष्प्रभाव, बालिका शिक्षा एवं सशक्तिकरण जैसे विषयों पर अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति प्रस्तुत की। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों में जागरूकता के साथ-साथ आत्मविश्वास व सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को भी प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से समुदाय से अपील की गई कि वे बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं के विरुद्ध सजग रहें। किसी भी संदिग्ध मामले की तुरंत सूचना संबंधित विभागों अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकार को दें तथा बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अधिकारों की रक्षा में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस व्यापक अभियान के माध्यम से जिले में बालिकाओं के अधिकारों के संरक्षण एवं बाल विवाह उन्मूलन की दिशा में एक सशक्त और सकारात्मक संदेश दिया गया।

## गणतंत्र दिवस से पूर्व फुल ड्रेस रिहर्सल संपन्न



संवाददाता

**साहिबगंज :** गणतंत्र दिवस की सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं।मुख्य समारोह स्थल सिद्धों कान्हो स्टेडियम में भव्य पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। साथ ही आज पुलिस जवानों, चौकीदार, एनसीसी के छात्र ने फुल ड्रेस रिहर्सल परेड किया। जिसका निरीक्षण उपायुक्त हेमंत सती एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया।गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले परेड के अंतिम पूर्वाभ्यास का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने तिरंगे को सलामी दी। इस क्रम में टुकड़ियों ने परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास किया। इस दौरान सार्जेंट मेजर और सार्जेंट द्वारा पूर्वाभ्यास करने वाले जवानों और पुलिस पदाधिकारियों का नेतृत्व किया। उपायुक्त ने सभी जवानों और पुलिस पदाधिकारियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए परेड को लेकर आवश्यक निर्देश दिये।परेड के पूर्वाभ्यास से पहले उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने सिद्धों- कान्हो की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।इस दौरान उपायुक्त ने ध्वजारोहण का पूर्वाभ्यास किया एवं जवानों की टुकड़ियों द्वारा किये गए परेड की सलामी ली। मौके पर स्कूली छात्राओं की ओर से राष्ट्रगान का पूर्वाभ्यास किया गया।वहीं उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने सभी व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए। मुख्य समारोह स्थल पर अतिथियों और लोगों की बैठने की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया और संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।गणतंत्र दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन भी निर्धारित है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन 25 जनवरी संध्या 6:00 बजे से पंडित दीनदयाल उपाध्याय टाउन हॉल साहिबगंज में किया जाना है।मुख्य आयोजन स्थल पर परेड के पूर्वाभ्यास के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के अलावे अपर समाहर्ता गौतम भगत, परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, जिले के वरीय पदाधिकारी गण एवं अन्य उपस्थित थे।

## मरीजों के इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो : उपायुक्त



संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती द्वारा सदर अस्पताल परिसर में स्थित ट्रॉमा सेंटर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने ट्रॉमा सेंटर में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं उपकरणों साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता और मरीजों को दी जा रही सेवाओं की विस्तृत समीक्षा की।उपायुक्त ने चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देश दिया कि आपातकालीन मरीजों के इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो त्वरित गुणव त्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने ट्रॉमा सेंटर में आवश्यक संसाधनों की नियमित उपलब्धता, मानव बल की पर्याप्त तैनाती व बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने पर विशेष जोर दिया।

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने मरीजों व उनके परिजनों से भी संवाद कर स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। पाई गई कमियों को शीघ्र दूर करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।मौके पर सिविल सर्जन सहित अस्पताल के वरीय चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

## भूमि पूजन के साथ ही क्षेत्र में विकास की एक नई पहल की शुरूआत



संवाददाता

**साहिबगंज :**बोरियो क्षेत्र के विधायक धनंजय सोरेन ने बाँझी संथाली पंचायत अंतर्गत आरसीडी सड़क किनारे प्रस्तावित पेट्रोल पंप का विधिवत भूमि पूजन किया।भूमि पूजन के साथ ही क्षेत्र में विकास की एक नई पहल की शुरूआत हुई।इसके बाद विधायक श्री सोरेन ने बड़ा केंदुवा गाँव पहुँचकर ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद किया।ग्रामीणों ने सड़क की समस्याएँ रखीं।विधायक ने इस मुद्दा को गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया।विधायक ने कहा कि क्षेत्र का विकास और जनता से संवाद उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से झामुमो केन्द्रीय समिति सदस्य सुनील मराण्डी,झामुमो के जिला कार्यकारिणी सदस्य स्टीफन मुर्मू , पंचायत बाँझी संथाली के अध्यक्ष पौलूस हाँसदा,सचिव पौलूस मुर्मू,बड़ा राक्सो पंचायत के अध्यक्ष प्रेम सोरेन सचिव जॉर्ज मराण्डी ग्राम प्रधान सल्हाय हाँसदा,सुना हाँसदा सबैया शमुंशी हाँसदा कोरडीहा प्रबोध कुमार हाँसदा पूर्व मुखिया बाजी मुर्मू खीस्ट सोरेन बाबूलाल हाँसदा सहीत बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## झारखंड बार काउंसिल के अध्यक्ष का राजमहल आगमन अधिवक्ताओं की समस्याओं पर की चर्चा

संवाददाता

**साहिबगंज/राजमहल :** झारखंड बार काउंसिल के अध्यक्ष राजेंद्र कृष्ण शनिवार को राजमहल पहुंचे।उत्तर वाहिनी माँ गंगा के पावन तट पर स्थित राजमहल अधिवक्ता संघ के सदस्यों ने उनका भव्य स्वागत किया।इस दौरान अध्यक्ष ने स्थानीय निरीक्षण भवन सर्किट हाउसमें अधिवक्ताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की।बैठक के दौरान 'हिंदू धर्म रक्षा मंच' के केंद्रीय अध्यक्ष सह अधिवक्ता संत कुमार घोष ने राजेंद्र कृष्ण को अंग-वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि राजमहल की ऐतिहासिक धरती पर अध्यक्ष महोदय का स्वागत है और उनके इस प्रवास से स्थानीय अधिवक्ताओं के मनोबल में वृद्धि होगी।प्रमुख समस्याओं पर मंथन अधिवक्ता संघ के सचिव निरंजन सरकार ने अध्यक्ष के समक्ष



अधिवक्ताओं को कार्य के दौरान आने वाली व्यावहारिक और गंभीर समस्याओं को प्रमुखता से मुख्य बिंदु को ध्यानाकर्षित किया जिसमें अधिवक्ताओं के डेथ क्लेम मृत्यु दावा के मामलों का त्वरित निस्तारण।अधिवक्ता कल्याण कोष के टिकटों की उपलब्धता सुनिश्चित करना। विभिन्न अधिवक्ता कल्याण योजनाओं का जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन। अधिवक्ता संघ के लिए बुनियादी सुविधाओं का विस्तार और सुधार पर अधिवक्ताओं की समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुनने के बाद,अध्यक्ष राजेंद्र कृष्ण ने आश्वस्त किया कि वे इन सभी मुद्दों पर प्राथमिकता के साथ कार्य करेंगे।उन्होंने राजमहल के अधिवक्ताओं को हर संभव मदद और समस्याओं के स्थायी समाधान का भरोसा दिलाया।इस अवसर पर मुख्य रूप से अनुमंडल अधिवक्ता परिषद के संयोजक अनंत कुमार राय,अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनीलाल मंडल सचिव निरंजन सरकार,ओमप्रकाश सिंह,पियुस मिश्रा, अरुप कुमार सेन,विकास कुमार सुधीर चंद्र घोष,जहीर सेखअनिल सिंह,मो शमीम,सुबोध महतो,ध्रुवचंद मंडल सहित कई अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## वीबी-जी राम जी कानून विकसित भारत का लक्ष्य साधने में बनेगा सहायक : वीडी राम

मेदिनीनगर : भारतीय जनता पार्टी की पलामू यूनिट ने शनिवार को मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के चैनपुर ब्लॉक मैदान में विकसित भारत-रोजगार की गारंटी और आजीविका मिशन( वीबी-जी राम जी) विषयक जिला सम्मेलन कर इसे बदलते भारत में बड़ा सकारात्मक बदलाव बताया। कार्यक्रम के सह-प्रदेश प्रभारी विपिन सिंह की उपस्थिति और जिलाध्यक्ष अमित तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित जिला सम्मेलन के मुख्य अतिथि सह पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए तेज गति से बदलाव जरूरी है। वीबी-जी राम जी कानून भी इसी दिशा में उठाया गया बड़ा कदम है। कांग्रेस के कार्यकर्ता आम जनता को गुमराह करने की दिशा में फिर षडयंत्र कर रहे हैं परंतु आम लोग कांग्रेस के झांसे में नहीं आने वाले हैं।

पलामू के सांसद ने कहा कि 2005 में मनरेगा कानून बनाया गया था। पिछले 20 सालों में ग्रामीण भारत में काफी बदलाव आ गया है। 2011-12 में ग्रामीण गरीबी 25.7 से घटकर आज 4.86 रह गई है। कनेक्टिविटी में सुधार हुआ है और आजीविका में विविधता आई है। पुराना ओपन एंडेड मॉडल आज की ग्रामीण अर्थव्यवस्था से मेल नहीं खाता। 2005 और अब की जरूरत में बदलाव आ चुका है। ग्रामीण रोजगार की व्यवस्था इसलिए 2025 की आवश्यकता के अनुसार पुनः व्यवस्थित करना पड़ा है। भाजपा के जिला महामंत्री विजय ठाकुर के संचालन में आयोजित सम्मेलन को श्याम नारायण दुबे, पूर्व मेयर अरुणा शंकर, जिला पार्षद प्रमोद सिंह, पूर्व जिला पार्षद परशुराम ओझा आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रेम सिंह, मीना गुप्ता, नीलांबर-पीतांबरपुर प्रखंड भाजपा के अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, भाजपा के जिला महामंत्री ज्योति पांडेय, अरविंद सिंह, विभाकर नारायण पांडेय, सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, शिवकुमार मिश्रा, अभिमन्यु तिवारी, भीष्म चौरसिया, लवली गुप्ता, सोमेश सिंह, शुभम प्रसाद, मंगल सिंह, सरवन गुप्ता, शशि भूषण पांडेय, सतीश पासवान, भोला पांडेय, धीरेंद्र दुबे, अमरेश चौरसिया, सुनील पासवान, सुनील गुप्ता आदि विशेष मौजूद थे।



# खुद को स्टार नहीं कहते शाहिद कपूर

शाहिद कपूर विशाल भारद्वाज की नई फिल्म ओ रोमियो में नजर आएंगे। यह फिल्म 13 फरवरी को, वैलेंटाइन डे के ठीक पहले सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। फिल्म का टीजर पहले ही फैंस का दिल जीत चुका है। हाल ही में एक इंटरव्यू में, अभिनेता ने स्टारडम के बारे में खुलकर बात की और साथ ही यह भी बताया कि वह अपने बच्चों को एक सामान्य परवरिश देना चाहते हैं।

शाहिद कपूर पिछले 23 साल से फिल्म इंडस्ट्री में काम कर रहे हैं। बहुत बड़ी कामयाबी मिलने के बावजूद, वे खुद को स्टार कहना पसंद नहीं करते। वे खुद को सिर्फ एक्टर कहते हैं। हाल ही में इंटरव्यू में शाहिद ने बताया कि वे स्टार कहलाना क्यों नहीं चाहते। उन्होंने कहा, सबसे बड़ा सबक यह है कि असलीपन खुद को अच्छे से जानने से आता है, दूसरों की उम्मीदों में ढलने से नहीं। शाहिद ने स्टारडम को लेकर कहा, प्रसिद्धि कभी-कभी बोझ बन जाती है और शोर-शराबे में अपनी असलियत भूल जाना आसान हो जाता है। शाहिद का मानना है कि एक एक्टर को सच्चा रहना चाहिए, अपने परिवार और करीबियों से जुड़े रहना चाहिए और काम पर फोकस करना चाहिए। खुद के साथ ईमानदार रहना ही असली सफलता और खुशी का रास्ता है।

## कैसे पिता हैं शाहिद?

शाहिद कपूर एक बहुत अच्छे एक्टर हैं, जो काम और परिवार दोनों को संतुलन में रखते हैं। शाहिद कपूर के परिवार की बात करें तो वे दो बच्चों के प्यारे पापा हैं—बेटी मिशा और बेटा जैन। शाहिद चाहते हैं कि उनके बच्चे जितना हो सके सामान्य जीवन जिएं। वे बच्चों को अपनी स्टारडम के बारे में ज्यादा नहीं बताते। अगर कोई सवाल आता है तो माता-पिता की तरह प्यार से जवाब देते हैं।

# थिएटर तक ऑडियंस को खींचना अब सबसे बड़ी चुनौती है



**कृति सेनन इन दिनों अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं। 2026 उनके लिए अहम माना जा रहा है।**

## थिएटर तक ऑडियंस को खींचना अब सबसे बड़ी चुनौती है

थिएटर के हिसाब से बस फिल्म में कुछ अलग होना चाहिए। कुछ ऐसा मनोरंजक होना चाहिए कि आपका मन करे कि यह तो अभी देखते हैं। अगर कहानी में वह खिंचाव नहीं है, तो लोग तीन चार महीने बाद उसे घर पर आराम से देखना पसंद करेंगे। मेरा मानना है कि मीडियोकर (सामान्य स्तर का) काम अब काम नहीं करेगा। ओटीटी के आने के बाद दर्शक बहुत समझदार हो गए हैं। थिएटर में आने के लिए फिल्म को एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी होना ही पड़ेगा। कहानी चाहे लव स्टोरी हो या बड़ी फेंचाइज जब तक आप ऑडियंस को एक्साइट नहीं कर सकते, कुछ नया नहीं दिखा सकते, तब तक उन्हें थिएटर तक खींचना मुश्किल है।

## आज की रोमांटिक फिल्मों में प्यार का कौन-सा अहम संघर्ष मिस हो रहा है?

ऐसा नहीं है कि कोई संघर्ष नहीं आ पा रहा है, बस नजरिए की बात है। मुझे लगता है कि आजकल की जेनरेशन बहुत जल्दी मूव ऑन करने वाली जेनरेशन है। हम शायद उतना गहरा, शिद्दत वाला प्यार करने से डरते हैं क्योंकि हमें रिजेक्शन का डर लगता है। हम उतना डीप अटैच होने से कतराते हैं। आज की लेफ्ट स्वाइप, राइट स्वाइप वाली मॉडर्न पीढ़ी की यह सच्चाई एक बड़ा कॉन्फ्लिक्ट है। हम खुद से ज्यादा फोन और मशीनों से बात करते हैं, इंसानों से कम। डेटा बहुत ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं, लेकिन अगर हमें साथ में छोड़ दिया जाए तो बात करने को कुछ होता ही नहीं है। संवाद की यह कमी और डिजिटल अकेलापन एक ऐसा पहलू है जिसे सिनेमा में और गहराई से दिखाया जा सकता है।




## आपके और धनुष की ट्यूनिंग ने सीन को कितना असरदार बनाया?

शंकर और मुक्ति के सीन्स में हम दोनों के लिए अपना बेस्ट देना जरूरी था। अभिनय कभी भी अकेले में नहीं होता। हर सीन में हम बातचीत करते थे कि तुम्हें क्या फील हो रहा है? तुम्हें क्या करना है? हम एक-दूसरे के अभिनय के इर्द-गिर्द काम करते थे। जब आप अपने को-स्टार के साथ इतनी सहजता महसूस करते हैं।

## मुक्ति के लिए आपने क्या खास तैयारी की थी?

फिल्म में मुक्ति जिस चीज से गुजरती है, उसका गिल्ट बहुत बड़ा होता है। मैंने हमेशा यह सोचा कि उसका दिल बहुत साफ है और वह बहुत एम्पेथेटिक है। जब ऐसी लड़की जाने-अनजाने में एक लड़के की जिंदगी तबाह कर देती है, तो वह खुद को बहुत जिम्मेदार समझने लगती है। वह गिल्ट इतना बड़ा है कि वह लगभग आत्म-विनाशकारी स्तिथि में चली जाती है। उसे लगता है कि मैं यह दर्द डिजर्व करती हूं, यह मेरा पश्चाताप है। जब वह एयरबेस पर उससे मिलने जाती है, तो उसके दिमाग में बहुत कुछ चल रहा होता है।



# रानी मुखर्जी ने सोशल मीडिया नेगेटिविटी को लेकर साझा की राय

फिल्मों की रिलीज के साथ सोशल मीडिया पर अचानक फैलने वाली नेगेटिविटी आज एक बड़ी समस्या बनती जा रही है। कई बार रिलीज से पहले ही किसी फिल्म या एक्टर को लेकर माहौल बना दिया जाता है, जिससे लोगों की राय पहले से तय होने लगती है। इसी मुद्दे पर एक्ट्रेस रानी मुखर्जी ने अपने मन की बात रखी है। अमर उजाला डिजिटल से की गई बातचीत में रानी ने इस मुद्दे पर खुलकर बात की है।

## ऑडियंस किसी एजेंडे के साथ थिएटर नहीं आती

ऑडियंस हमेशा सही होती है। मैं आज भी यह नहीं मानती कि ऑडियंस किसी एजेंडे के साथ फिल्म देखने आती है। लोग सिनेमाघर खुले दिल से आते हैं। लेकिन आज के दौर में खासकर सोशल मीडिया की वजह से, फिल्मों और कलाकारों को लेकर एक माहौल बना दिया जाता है। कुछ लोग या ऑडियंस का एक छोटा सा हिस्सा जान-बूझकर नेगेटिविटी फैलाता है। इस बात से मैं वाकिफ हूं।

## इंसान की फितरत नेगेटिव नहीं होती

मैं दिल से मानती हूं कि कोई भी इंसान नेगेटिव नहीं होना चाहता है। हर कोई अच्छा काम करना चाहता है। हर कोई प्यार करना चाहता है। हर कोई बदले में प्यार पाना चाहता है। इसी सोच के साथ मैं भी आगे बढ़ती हूं।

## सोशल मीडिया रिएक्शन पर राय

हां, आज सोशल मीडिया ऐसी जगह बन गया है, जहां लोग सही और गलत समझे बिना तुरंत रिएक्शन दे देते हैं। ऐसे में मैं बस यही दुआ करती हूं कि लोगों को थोड़ी समझ मिले। वह सोशल मीडिया पर एकदम से रिएक्शन की आदत से बचें।

## बेटी को सोशल मीडिया से दूर रखा है

रानी मुखर्जी से जब उनकी बेटी अदिरा के सोशल मीडिया पर होने को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने साफ कहा कि बेटी अभी बहुत छोटी है। रानी की बेटी सोशल मीडिया पर नहीं है।

# नयनतारा और विग्नेश शिवन ने अजित कुमार का किया सपोर्ट, रेसिंग जर्नी पर बनेगी डॉक्यूमेंट्री



अभिनेत्री नयनतारा और उनके पति, निर्देशक विग्नेश शिवन, शनिवार को दुबई ऑटोड्रोम पहुंचे। वे वहां तमिल सुपरस्टार अजित कुमार को हौसला देने के लिए गए थे। अजित ने अपनी टीम अजित कुमार रेसिंग के साथ दुबई 24 H सीरीज नाम की एक बड़ी कार रेसिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इसके कई वीडियो आज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। अजित की रेसिंग जर्नी पर एक डॉक्यूमेंट्री भी बनेगी। कई वीडियो इंटरनेट पर बहुत तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें अजित नयनतारा और विग्नेश शिवन का गर्मजोशी से स्वागत करते दिख रहे हैं। वे उन्हें अपनी टीम के बाकी सदस्यों से मिलवाते हैं और सबके साथ अच्छी बातचीत करते हैं। पिछले हफ्ते म्यूजिक डायरेक्टर अनिरुद्ध ने भी अबू धाबी में अजित से मुलाकात की थी।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अजित की रेसिंग जर्नी पर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म बन रही है। इसे निर्देशक ए.एल. विजय बना रहे हैं। यह फिल्म करीब 90 मिनट की होगी और इसका मकसद युवाओं को अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करना है। साथ ही, मोटरस्पोर्ट को भारत में लोकप्रिय बनाना है, क्योंकि कई लोग इसे अभी भी अमीरों का खेल मानते हैं। फिल्म में मलेशिया, अबू धाबी और दुबई की रेसों के अलावा अजित की तैयारी, स्ट्रैटेजी मीटिंग्स और प्रैक्टिस सेशन भी दिखाए जाएंगे। यह डॉक्यूमेंट्री अगले साल 1 मई को अजित के जन्मदिन पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# अंडर-19 विश्व कप: भारत ने न्यूजीलैंड को 7 विकेट से हराया, जीत का सिलसिला रखा बरकरार

एजेंसी

**बुलावायो :** भारतीय अंडर-19 पुरुष क्रिकेट टीम ने 2026 आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप में अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए ग्रुप चरण के एक बारिश से प्रभावित मुकाबले में न्यूजीलैंड को सात विकेट से शिकस्त दी। यह मुकाबला शनिवार को जिम्बाब्वे के क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम भारतीय गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और 135 रन पर सिमट गई। तेज गेंदबाज आर.एस. अम्ब्रिश ने घातक गेंदबाजी करते हुए 29 रन देकर चार विकेट झटके, जबकि हेनिल पटेल ने तीन अहम सफलताएं हासिल कीं। न्यूजीलैंड की पारी की शुरूआत बेहद खराब रही और




टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए।

जवाब में भारत ने लक्ष्य का पीछा आत्मविश्वास के साथ किया। हालांकि टीम ने एरन जॉर्ज का विकेट जल्दी गंवा दिया, लेकिन इसके बाद वैभव सूर्यवंशी और कप्तान आयुष म्हात्रे ने पारी को संभाल लिया। सूर्यवंशी ने 23 गेंदों में 40 रन की तेज पारी खेली, जबकि म्हात्रे ने 27 गेंदों में 53 रन बनाकर मैच पर भारत की पकड़ मजबूत कर दी।

अंत में विहान मल्होत्रा (नाबाद 17) और वेदांत त्रिवेदी (नाबाद 13) ने संयमित बल्लेबाजी करते हुए टीम को जीत तक पहुंचाया। भारत ने तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस जीत के साथ भारत ने ग्रुप-बी में शीर्ष स्थान पक्का कर लिया है और अब सुपर सिक्स चरण के ग्रुप-2 में जगह बना ली है, जहां इंग्लैंड, पाकिस्तान, बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और जिम्बाब्वे की टीमें भी शामिल हैं। पांच बार की चैंपियन भारतीय टीम अपना अगला मुकाबला मंगलवार को जिम्बाब्वे से खेलेगी, जबकि 01 फरवरी को भारत-पाकिस्तान के बीच बहुप्रतीक्षित मुकाबला होगा।

# 78वीं देहरादून जिला क्रिकेट लीग के लिए आमंत्रण जारी, अंडर-19 खिलाड़ियों को मिलेगा बड़ा मंच

एजेंसी

**देहरादून :** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ खंड (सीएयू) के तत्वावधान में आयोजित होने वाली 78वीं देहरादून डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट लीग की तैयारियां शुरू हो गई हैं। 2026-27 सत्र में प्रस्तावित यह टूर्नामेंट अंडर-19 लड़कों की श्रेणी में खेला जाएगा, जिसका उद्देश्य जिले में उभरती क्रिकेट प्रतिभाओं को पहचान देना और उन्हें प्रतिस्पर्धी मंच उपलब्ध कराना है।

लीग के कन्वीनर पी.सी. वर्मा ने जिले के विभिन्न क्रिकेट क्लबों और खेल संस्थाओं को औपचारिक आमंत्रण भेजते हुए टूर्नामेंट में भाग लेने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता युवा खिलाड़ियों के लिए अपनी क्षमता दिखाने का एक महत्वपूर्ण अवसर है और इससे जिला क्रिकेट को नई दिशा मिलेगी। संभावना जताई जा रही है कि टूर्नामेंट की शुरूआत फरवरी 2026 से होगी, जबकि मैचों की अंतिम तिथियों और कार्यक्रम की घोषणा शीघ्र की जाएगी। आयोजन पूरी तरह से बीसीसीआई और क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के निर्धारित दिशा-निदेशों के अनुरूप किया जाएगा।

**पात्रता और पंजीकरण नियम**

अंडर-19 वर्ग में वही खिलाड़ी भाग ले सकेंगे जिनकी जन्मतिथि 1 सितंबर 2007 या उसके बाद की हो। सभी क्लबों और खिलाड़ियों को पात्रता से जुड़े दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। आयु सत्यापन और पंजीकरण से संबंधित मामलों में एसोसिएशन का निर्णय अंतिम माना जाएगा।

**पंजीकरण प्रक्रिया**

पंजीकरण फॉर्म क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। कार्यालय का पता है–

मेजर राजी सराय, परगना कंपाउंड के पास, हथी खाना चौक, देहरादून (पिन-248001)।

फॉर्म 19 से 24 जनवरी 2026 तक सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच उपलब्ध रहेंगे।

**शुल्क विवरण**

नए पंजीकृत क्लब/संस्था के लिए: 5,000

पहले से पंजीकृत क्लबों के लिए: 20,000

खिलाड़ी पंजीकरण शुल्क: ?500 प्रति खिलाड़ी

(जो खिलाड़ी पहले से देहरादून डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट लीग 2026झ27 में पंजीकृत हैं, उनसे यह शुल्क नहीं लिया जाएगा।)

शुल्क डिमांड ड्राफ्ट या नकद के माध्यम से एसोसिएशन कार्यालय में जमा किया जा सकता है।

यह जिला स्तरीय प्रतियोगिता न केवल युवा क्रिकेटरों को आगे बढ़ने का अवसर देगी, बल्कि भविष्य के राज्य और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों की नींव भी मजबूत करेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर दी शुभकामनाएं

# मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता का सशक्त माध्यमः मुख्यमंत्री

एजेंसी

**भोपाल :** आज यानि रविवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस है। इस अवसर पर मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मतदान को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का एक सशक्त माध्यम बताया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि मतदान केवल एक संवैधानिक अधिकार नहीं, बल्कि राष्ट्र की प्रगति में जिम्मेदार भागीदारी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर लिखा- राष्ट्रीय मतदाता दिवस की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि लोकतंत्र के प्रति हमारा दायित्व और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता का सशक्त माध्यम है। सजग नागरिक बनकर अपने मताधिकार का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग कर, लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करें। उल्लेखनीय है कि हर साल 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। ये दिन हमें याद




दिलाता है कि लोकतंत्र की असली ताकत हमारे वोट में छिपी है। मतदान हर नागरिक को मिलने वाला वो अधिकार है, जिससे वह राष्ट्र के निर्माण में अपनी भूमिका और कर्तव्य को निभा सकता है। नागरिक तय कर सकते हैं कि उनका नेतृत्व कौन करेगा। हालांकि आज भी कई ऐसे लोग हैं जो मतदान करने में पीछे रहते हैं। उन्हें मतदान का महत्व समझाने के लिए ही ये

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कंवेंशन सेंटर में राज्य स्तरीय आयोजन आज

भोपाल : मध्य प्रदेश के सभी 71 हजार 930 मतदान केंद्रों पर आज रविवार को 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। राज्यपाल मंगुभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य में भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कंवेंशन सेंटर में राज्य स्तरीय आयोजन होगा। आयोजन सुबह 12 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में आयुव?त राज?य निर्वाचन आयोग मनोज श्रीवास?तव, पूर्व निर्वाचन आयुव?त भारत निर्वाचन आयोग ओ.पी. रावत, कमिश?नर भोपाल संजीव सिंह, स्टेट आइकॉन राजीव वर्मा, गोविंद नामदेव, संजना सिंह और देशना जैन उपस्थित रहेंगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने बताया कि 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर प्रदेश के सभी 55 जिलों में आयोजन होंगे। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम में राज्यपाल पटेल द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2026 में उत?कृष?ट कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों, मास्टर ट्रेनर्स, बूथ लेवल ऑफिसर्स एवं स्वयं सेवकों को सम?मानित किया जाएगा। इसमें कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में अशोकनगर, बैतूल, नीमच एवं भोपाल जिलों के अधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा। भोपाल कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को तकनीकी नवाचार विशेष पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इसी श्रेणी में भोपाल जिले के उप जिला निर्वाचन अधिकारी को भी तकनीकी नवाचार के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में भोपाल, बालाघाट, बैतूल एवं सिवनी जिलों के अधिकारियों को उनके प्रभावी निर्वाचन प्रबंधन के लिए पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्रेणी में विधानसभा क्षेत्र 125-सौंसर (जिला पांढुर्णा), 225-मल्हारगढ़ (जिला मंदसौर), 117-लखनादौन (जिला सिवनी) तथा विधानसभा क्षेत्र 130-आमला (जिला बैतूल) के अधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा। आमला विधानसभा क्षेत्र के अधिकारी को विशेष पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के रूप में विधानसभा क्षेत्र 128-पांढुर्णा, 226-सुवासरा (जिला मंदसौर) एवं 117-लखनादौन (जिला सिवनी) के अधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त तीन नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर (निर्वाचन) को प्रशिक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। निर्वाचन पर्यवेक्षक के रूप में निवाड़ी, आगर-मालवा एवं छिंदवाड़ा जिलों के अधिकारियों को सम्मान प्रदान किया जाएगा, जबकि बी.एल.ओ. पर्यवेक्षक श्रेणी में बैतूल जिले के अधिकारी को सम्मानित किया जाएगा। बूथ लेवल ऑफिसर (इछड) श्रेणी में विधानसभा क्षेत्र 69-सेमरिया (मतदान केंद्र 155, जिला रीवा), विधानसभा क्षेत्र 122-जुन्नारदेव (मतदान केंद्र 241, जिला छिंदवाड़ा) तथा विधानसभा क्षेत्र 22-दतिया (मतदान केंद्र 34, जिला दतिया) के बी.एल.ओ. को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। स्वयं सेवक श्रेणी में स्वीप आइकॉन, जिला नर्मदापुरम तथा एक स्वयं सेवक (संस्थापक एवं महासचिव, ऊळ्रऋ) को मतदाता जागरूकता एवं सहभागिता बढ़ाने में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झा ने बताया कि कार्यक्रम में भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त के संदेश का प्रसारण किया जाएगा। मुख्य अतिथि द्वारा युवा मतदाताओं को इपिक कार्ड का वितरण और कार्यक्रम में उपस?थि?त सभी मतदाताओं को मतदाता शपथ दिलाई जाएगी।

# मध्य प्रदेश में मौसम ने ली करवट, कोहरे से बढ़ी ठंड 27-28 जनवरी को कई जिलों में बारिश के आसार

✔ मंदसौर, नीमच-राजगढ़ में पारा 8 डिग्री से कम, भोपाल-इंदौर में भी लुढ़का तापमान

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में रविवार से मौसम ने फिर करवट ली है। प्रदेश के कई हिस्सों में सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे ठंड का असर बढ़ गया और आम जनजीवन प्रभावित हुआ। सड़कों पर दृश्यता कम होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

मौसम विभाग ने प्रदेश के करीब आधे हिस्से में 27 और 28 जनवरी को बारिश और गरज-चमक की चेतावनी जारी की है। विभाग के मुताबिक, 26 जनवरी से उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित कर रहा वेस्टर्न डिस्टरबेंस काफी स्ट्रॉन्ग है, जिसका असर मध्य प्रदेश में भी



देखने को मिलेगा। ग्वालियर-चंबल संभाग में पहले से ही बादल, हल्की बारिश और कोहरे का दौर जारी है। मौसम विभाग ने बताया कि उत्तर भारत में दो साइक्लोनिक सकुर्लेशन सक्रिय हैं। इसके साथ ही एक लो प्रेशर एरिया और ट्रफ लाइन भी एक्टिव है। इसी सिस्टम की वजह से पिछले 24 घंटों में ग्वालियर-चंबल के कई जिलों में बारिश दर्ज की गई। शनिवार को भी प्रदेश के कई हिस्सों में मौसम ठंडा बना रहा। छतरपुर, रतलाम सहित 10 से अधिक जिलों में तेज हवाएं चलीं। भोपाल में दिनभर बादलों की आवाजाही बनी रही। शनिवार देर शाम नरसिंहपुर जिले के सालीचौका क्षेत्र में 20 से 25 मिनट तक तेज बारिश हुई। 27 जनवरी को भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, सागर, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, विदिशा, राजगढ़, शाजापुर, आगर-मालवा, नीमच, मंदसौर और रतलाम और 28 जनवरी को जबलपुर, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, मैहर, शहडोल, उमरिया, कटनी, दमोह, सागर, नरसिंहपुर, विदिशा और रायसेन में बारिश की संभावना है

शनिवार की रात मंदसौर प्रदेश का सबसे ठंडा शहर रहा, जहां न्यूनतम तापमान 7.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजगढ़ में 7.4 डिग्री, नीमच के मरुखेड़ा में 7.9 डिग्री, कल्याणपुर में 8.2 डिग्री, पचमढ़ी में 8.2 डिग्री और कटनी के करौंदी में 9.2 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। प्रदेश के बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल 12.5, इंदौर 12.2, ग्वालियर 13.3, उज्जैन 12.8 और जबलपुर 15.3 डिग्री सेल्सियस। शनिवार को सुबह कोहरे और दिन में सर्द हवाओं के कारण ग्वालियर-चंबल संभाग में दिन के तापमान में तेज गिरावट दर्ज की गई।

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार



एजेंसी

**कूचबिहार :** कूचबिहार के मेखलीगंज इलाके में शनिवार को एक नाबालिग के साथ कथित दुष्कर्म की घटना को लेकर तनाव का माहौल बना रहा। जामालदह में नदी किनारे हुई इस घटना के बाद इलाके में जमकर विरोध प्रदर्शन हुआ, जिसके दौरान हिंसा भी भड़की। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, आरोपित ने नाबालिग को नदी किनारे घास लाने के बहाने बुलाया था। लेकिन वहां उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। आरोपित की धमकियों के डर से पीड़ित परिवार कई दिनों तक थाने नहीं गया। शनिवार शाम को स्थानीय लोगों ने पीड़िता और उसके परिवार को जामालदह चौकी ले जाकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद मेखलीगंज थाने की पुलिस ने रात 60 वर्षीय आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

इस घटना के विरोध में प्रदर्शनकारियों ने शनिवार शाम जामालदह में टायर जलाकर राज्य सड़क को जाम कर दिया। लंबे समय तक यातायात ठप रहा। जब पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हटाने की कोशिश की तो स्थिति

# चीफ वार्डन केलकर ने ठाणे में एक्सरसाइज का अवलोकन किया




एजेंसी

**मुंबई :** 26 जनवरी,, गणतंत्र दिवस पर, ठाणे संभाग के चीफ वार्डन विधायक संजय केलकर की पहल पर सिविल डिफेंस फोर्स की एक प्लाटून पहली बार ठाणे में एक्सरसाइज में हिस्सा लेगी। इस टीम की टारगेट प्रैक्टिस साकेत के पुलिस ग्राउंड में चल रही है और ठाणे शहर के विधायक केलकर ने इसका स्वयं निरीक्षण किया। इस मौके पर डिप्टी कंट्रोलर विजय जाधव भी मौजूद थे। उल्लेखनीय है है सिविल डिफेंस फोर्स को कानूनी तौर पर 10 जुलाई 1968 को दुश्मन के हमलों और प्राकृतिक आपदाओं से नागरिकों और प्रॉपर्टी की रक्षा करने के मकसद से बनाया गया था। होम गार्ड की तरह, यह फोर्स युद्ध और प्राकृतिक आपदाओं के दौरान परेशान नागरिकों की मदद करने और उन्हें फिर से बसाने में आगे रही है और इस बारे में आम लोगों को ट्रेनिंग भी दे रही है। बताया जाता है कि ठाणे डिवीजन के चीफ वार्डन विधायक संजय केलकर की पहल पर, यह फोर्स बहुत अच्छा काम कर रही है और इस साल 26 जनवरी को पहली बार रिपब्लिक डे परेड में हिस्सा लेगी। अभी, सिविल डिफेंस की एक प्लाटून ठाणे के साकेत में पुलिस ग्राउंड में ट्रेनिंग ले रही है और चीफ वार्डन विधायक संजय केलकर ने इसका इंस्पेक्शन किया। उन्होंने ट्रेनिंग से खुशी जताई।

# बिहार में आज मुजफ्फरपुर के दो दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत

एजेंसी

**मुजफ्फरपुर :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत अपने दो दिवसीय दौरे पर आज मुजफ्फरपुर आ रहे हैं। उनके इस दो दिवसीय दौरे से उत्तर बिहार के स्वयंसेवकों और प्रबुद्ध नागरिकों में काफी उत्साह है। डॉ. भागवत का यह प्रवास मुख्य रूप से संगठन के विस्तार, वैचारिक सुदृढ़ीकरण और सामाजिक समरसता के एजेंडे पर केंद्रित है। डॉ. भागवत सुबह 10 बजे मुजफ्फरपुर स्थित संघ कार्यालय मधुकर निकेतन आएंगे। इसके बाद गरहा के होटल जाएंगे। वहां से उत्तर बिहार के 300 से ज्यादा स्वयंसेवकों और संगठन के प्रमुख लोगों के साथ खास बैठक करेंगे। दोपहर 02 बजे से लेकर शाम 05 बजे तक चलने वाली इस बैठक



में डॉ. भागवत सामाजिक विकास पर चर्चा करेंगे और स्वंयसेवकों के प्रश्नों के उत्तर भी देंगे। शाम में वे वापस संघ कार्यालय मधुकर निकेतन लौट आएंगे।

दौरे के दूसरे दिन, यानी 26 जनवरी को डॉ भागवत गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण करेंगे। यह गरिमामय कार्यक्रम संघ के उत्तर बिहार प्रांत कार्यालय, 'मधुकर निकेतन' (कलमबाग चौक) में आयोजित होगा। तिरंगा फहराने के बाद वे अपना संदेश देंगे। इसके उपरांत, सरसंघचालक जिला और प्रांत स्तर के संघचालकों के साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे। इस बैठक में संघ की आगामी योजनाओं, शाखा विस्तार और सेवा कार्यों की प्रगति पर चर्चा की जाएगी। संगठनात्मक मार्गदर्शन के बाद वे अपने अगले गंतव्य के लिए रवाना होंगे।

**सुरक्षा के कड़े इंतजाम**

जेड+ श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त डॉ मोहन भागवत के दौरे को लेकर मुजफ्फरपुर जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। मधुकर निकेतन और आसपास के इलाकों को अभेद्य किले में तब्दील कर दिया गया है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ सादे लिबास में भी सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए डॉक्टरों की एक विशेष टीम एम्बुलेंस के साथ 24 घंटे अलर्ट पर है। डॉ भागवत का यह दौरा न केवल संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि आगामी समय में उत्तर बिहार की सामाजिक और

# मणिपुर में बड़े पैमाने पर हथियार और विस्फोटक बरामद

एजेंसी

**इंफाल :** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने बीते 24 घंटे में विभिन्न जिलों में एक साथ चलाए गए अभियानों के दौरान भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद की। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, चुराचांदपुर, इम्फाल पश्चिम और इम्फाल पूर्व जिलों में समन्वित तलाशी अभियानों के दौरान अत्याधुनिक हथियारों के साथ-साथ स्थानीय रूप से बनाए गए हथियार, ग्रेनेड, आईईडी और सुरक्षात्मक उपकरण बरामद किए गए। चुराचांदपुर जिले में चुराचांदपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत लोइलामकोट और नालोन के बीच






से सुरक्षा बलों ने हथियारों का एक बड़ा जखीरा जब्त किया। इसमें तीन आरपीजी गोला-बारूद, पांच 30 मिमी ग्रेनेड, एक .303 बॉट-एक्शन राइफल, दो मध्यम दूरी की स्थानीय ह्यपम्पीह्न तोपें, तीन पम्पी शेल, दो सिंगल-बैरेल राइफल और दस एसबीबीएल कारतूस शामिल हैं, जिससे क्षेत्र में भारी और अवैध हथियारों की मौजूदगी का संकेत मिलता है। इसी दिन इम्फाल पश्चिम जिले के वांगोई थाना क्षेत्र के वाहेंग खुमान मामंग लेइकाई में चलाए गए एक अन्य अभियान में और भी खतरनाक सामग्री बरामद हुई। जब्त किए गए सामान में दो संशोधित .303 राइफल, मैगजीन सहित तीन पिस्तौल, विभिन्न हथियारों की छह मैगजीन, तीन नंबर-36 उच्च विस्फोटक ग्रेनेड, अलग-अलग कैलिबर के 23 जिंदा कारतूस, एक डेटोनेटर, चार मोर्टार बम शेल, एक आईईडी और लगभग एक किलोग्राम विस्फोटक शामिल है। वहीं, इम्फाल पूर्व जिले के सागोलमंग थाना क्षेत्र के अंतर्गत नाओत्रोक पहाड़ी श्रृंखला की तलहटी से भी सुरक्षा बलों ने हथियार और सुरक्षात्मक उपकरण बरामद किए। इसमें एक डबल-बैरेल ब्रीच-लोडिंग बंदूक, एक देशी 9 मिमी पिस्तौल (खाली मैगजीन सहित), दो उच्च विस्फोटक हैंड ग्रेनेड, एक प्रैक्टिस राइफल ग्रेनेड, दो इंसास राइफल मैगजीन, 20 जिंदा कारतूस, एक बुलेटप्रूफ हेलमेट, दो बुलेटप्रूफ कवर और दो बुलेटप्रूफ आयरन प्लेट शामिल हैं। सुरक्षा अधिकारियों ने कहा कि अवैध हथियारों के नेटवर्क पर लगाम लगाने और राज्य में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

## न्यूज IN ब्रीफ

### मुंबई मेयर का फरवरी तक टला चुनाव

**मुंबई :** भाजपा और शिवसेना (शिंदे गुट) ने अपने-अपने नगरसेवकों का ग्रुप रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया अभी तक पूरा नहीं की है। इसलिए प्रशासन ने मुंबई के मेयर का चुनाव फरवरी महीने तक के लिए टाल दिया है। महापौर पदों का आरक्षण लॉटरी के माध्यम से तय कर दिए गए हैं। मुंबई का महापौर पद ओपन कटैगरी महिला घोषित किया गया है। मुंबई महापौर पद के आरक्षण की घोषणा होने के बाद 31 जनवरी को मतदान प्रक्रिया कराने का फैसला किया गया था। नामांकन पत्र 27 जनवरी को भरे जाने की तैयारी प्रशासन ने की थी। लेकिन अब महापौर का चुनाव फरवरी में होने की संभावना है। मुंबई के महापौर को लेकर सभी उत्सुक हैं। महायुति के भाजपा और शिंदे सेना 118 नगरसेवकों के साथ बहुमत में हैं। इसमें भाजपा के 89 और शिंदे सेना के 29 नगरसेवकों का समावेश है। हालांकि अभी दोनों दलों में महापौर को लेकर सहमति नहीं बन सकी है। इससे विलंब हो रहा है। दोनों दलों के नगरसेवकों का ग्रुप पंजीकरण प्रक्रिया भी अभी पूरी नहीं हुई है। इसलिए चुनाव आगे बढ़ा दिया गया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस दावोस दौरे से रविवार को वापस मुंबई आने वाले हैं। इसके बाद दोनों दलों में सत्ता और मेयर को लेकर चर्चा होने वाली है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज उज्जैन को देंगे विकास की अनेक सौगातें

**भोपाल :** मध?य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज (रविवार को) उज्जैन में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे और विकास की अनेक सौगातें देंगे। जनसंपर्क अधिकारी क्रांतिदीप अलूने ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा आगर रोड स्थित अटल परिसर फाजलपुरा में आधुनिक और बहुउद्देशीय खेल एवं मनोरंजन सुविधाओं से युक्त स्पोर्टस कॉम्पलेक्स का लोकार्पण करेंगे। एक ही स्थान पर खेल एवं मनोरंजन की सुविधाओं से सुसज्जित स्पोर्टस कॉम्पलेक्स 28 करोड़ 31 लाख रुपये से निर्मित किया गया है। इसके साथ ही आर.डी. गार्गी मेडिकल कॉलेज के नव निर्मित ऑडिटोरियम एवं कन्वेंशन सेंटर का लोकार्पण कर मेडिकल कॉलेज की रजत जयंती समारोह में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव रत्नाखेड़ी में पाटीदार समाज के प्रांतीय कार्यालय का भूमि-पूजन और हरि फाटक पुल 2 लेन से चौड़ीकरण कर 6 लेन में करने का भूमि-पूजन भी करेंगे। साथ ही ग्राम डेंडिया में महालोक होटल एवं रिसोर्ट का शुभारंभ किया जायेगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन में रविवार को राहगिरी आनंदोत्सव-2026 के तहत आयोजित कार्यक्रमों, उड़ान कार्यक्रम के तहत मानसिक रूप से अविकसित बच्चों, दृष्टिबाधित बालक एवं बालिकाओं से भेंट कर उनके द्वारा निर्मित उत्पादों का अवलोकन कर बच्चों को पुरस्कृत भी करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव विद्या भारती भवन उज्जैन में आयोजित निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर अभियान का शुभारंभ भी करेंगे।

### इंसाफ में देरी, न्याय संकल्पना का विनाशः चीफ जस्टिस सूर्यकांत

**मुंबई :** देश के चीफ जस्टिस, सूर्यकांत ने भारतीय न्याय व्यवस्था में लंबित मामलों और उनकी वजह से होने वाली देरी पर कड़े शब्दों में टिप्पणी की है। उन्होंने अपनी राय जाहिर करते हुए कहा कि न्याय मिलने में देरी सिर्फ. अन्याय नहीं, बल्कि न्याय की संकल्पना का पूरी तरह से विनाश होना है। बॉम्बे हाई कोर्ट में आयोजित अपने सम्मान समारोह में चीफ जस्टिस बोल रहे थे। देश की अदालतों में इस समय लाखों मामले लंबित हैं। कई मामले 20 से 25 साल तक चलते हैं। उन्होंने ध्यान दिलाया कि आम नागरिकों को समय पर न्याय नहीं मिल पाता। न्याय सिर्फ एक आखिरी फैसले तक सीमित नहीं है, इसे समय पर मिलना भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि संविधान के आर्टिकल 226 के तहत दी गई अंतरिम राहत कई मामलों में आखिरी फैसले की तरह होती है। किसी छोटे किसान या किसी विद्यार्थी को, जिसका एडमिशन नहीं हुआ है, अंतरिम राहत देना उनके लिए बहुत बड़ा इंसाफ हो सकता है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि कोर्ट को सिर्फ केस आने का इंतजार नहीं करना चाहिए, बल्कि खुद ही गवर्नेंस सिस्टम में कमियों का पता लगाकर उन पर एक्शन लेना चाहिए। उन्होंने ऐसे हाई कोर्ट के उदाहरण भी दिए जिन्होंने पहले भी पर्यावरण, कैदियों के अधिकारों और देश के संकट के समय प्रवासी और मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाई है।

### अंधेरी में अतिक्रमण के खिलाफ मुहिम

**मुंबई :** मुंबई महानगरपालिका ने अंधेरी इलाके में अवैध निमार्णों और अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ मुहिम छेड़ रखी है। लगातार चल रहे इस अभियान में कई सड़कों व फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कर दिया गया है. प्रशासन की ओर से कहा गया है कि यह मुहिम आगे भी जारी रहेगी। मनपा आयुक्त भूषण गगरानी के आदेश पर अंधेरी में अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। पिछले कुछ दिनों से ह्यके वेस्टह्न विभाग ने वीरा देसाई मार्ग, कैप्टन सामंत मार्ग, जे.पी. मार्ग और अपना बाजार इलाके में सड़कों और फुटपाथों पर अतिक्रमण हटाए गए हैं। सड़कों और फुटपाथों को खाली कराया गया है। इस मुहिम से ट्रैफिक जाम से जहां राहगीरों को राहत मिली है तो वहीं वाहनों की आवाजाही में भी काफी आसानी हुई है। सामाजिक संगठनों और स्थानीय लोगों ने इस कार्रवाई की सराहना की है। लोगों ने शनिवार को के वेस्ट विभाग के सहायक आयुक्त चक्रपाणि अल्ले का उनके कार्यालय में अभिनंदन किया।

### रंगिया स्टेशन रोड पर रात में भीषण आग, लाखों की संपत्ति जलकर राख

**कामरूप :** रंगिया स्टेशन रोड पर बीती देर रात भीषण आग लगने की घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। इस अग्निकांड में दो कपड़ों की दुकानों में रखा सामान जलकर पूरी तरह राख हो गया, जिससे लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग तेजी से फैली और देखते ही देखते दोनों दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस और दमकल विभाग की टीम मामले की जांच में जुटी हुई है।

### पटना पुलिस का एक्शन, दो पुलिस अधिकारी निलंबित

**पटना :** पटना के चित्रगुप्तनगर थाना कांड संख्या 14/26 की समीक्षा के दौरान अपर थानाध्यक्ष कदमकुआं अवर निरीक्षक हेमंत झा एवं थानाध्यक्ष चित्रगुप्तनगर अवर निरीक्षक रोशनी कुमारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। नीट की तैयारी कर रही छात्रा के साथ कथित बलात्कार और मौत के मामले में बिहार पुलिस ऋ्रछ रिपोर्ट आने के बाद बड़ी कार्रवाई की है. पुलिस ने इस मामले में चित्रगुप्त नगर थाना कांड संख्या 14/26 की जांच के बाद 2 पुलिस अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है.वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी जानकारी के अनुसार अपर थानाध्यक्ष कदमकुआं अवर निरीक्षक हेमंत झा और चित्रगुप्त नगर थानाध्यक्ष अवर निरीक्षक रोशनी कुमारी को निलंबित कर दिया गया है। दोनों पुलिस पदाधिकारियों पर सूचना के बाद भी ससमय उचित कार्यवाही नहीं करने, लापरवाही बरतने का आरोप लगा है।

# गणतंत्र दिवस के साथ- साथ काफी खास है अनुमंडल वासियों के लिए 26 जनवरी

संवाददाता

**चक्रधरपुर :** 26 जनवरी ऐतिहासिक गणतंत्र दिवस के साथ-साथ चक्रधरपुर अनुमंडल वासियों के लिए विशेष दिन है इसकी प्रमुख बजह यह है कि 26 जनवरी 1982 को चक्रधरपुर के तत्कालीन विधायक देवेंद्र मांझी के अथक प्रयास से इसी दिन चक्रधरपुर को अनुमंडल का दर्जा प्राप्त हुआ था। अविभाजित बिहार के समय तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ जगन्नाथ मिश्रा सड़क मार्ग से चक्रधरपुर पहुंचे थे और चक्रधरपुर रेलवे क्षेत्र अधीन आयम जो कभी सिनेमा हाल के रूप में पहचाना जाता इस पानी टंकी में चक्रधरपुर अनुमंडल कार्यालय भवन का श्री गणेश हुआ जो चक्रधरपुर के तत्कालीन लोकप्रिय विधायक देवेंद्र मांझी के बेहतर प्रयास और कारगर उपलब्धि के रूप में आज भी पहचाना जाता है । 1982 में जब चक्रधरपुर अनुमंडल की स्थापना हुई उसे समय रेलवे का सकारात्मक सहयोग विधायक के सार्थक पहल के फल स्वरुप है संपन्न हो पाया था। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी का आवास रेलवे क्षेत्र में आवंटित किया गया जो आज तक इसी स्थल पर संचालित है अर्थात 44 वर्षों के पश्चात भी रेलवे क्षेत्र में है अनुमंडल के दोनों बड़े पदाधिकारी का निवास स्थल है । चक्रधरपुर अनुमंडल में अनुमंडल निर्माण के समय कुल पांच प्रखंड समाहित थे । जिसमें मुख्य रूप से चक्रधरपुर बंदगांव गोइल, सोनुवा गोइलकेरा और मनोहरपुर समाहित है । बाद में स्वर्गीय देवेंद्र मांझी की पत्नी मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र से निरंतर कई बार विधायक और मंत्री बनी । कई ऐतिहासिक रिकॉर्ड भी बनाया। इसी क्रम में मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र में दो नए प्रखंड का भी सृजन हुआ । इस प्रकार से इस प्रकार से वर्तमान समय में मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल 7 प्रखंड समाहित हैं । चक्रधरपुर अनुमंडल काफी वृहद अनुमंडल के रूप में पूरे राज्य में पहचाना जाता है । वर्तमान समय में चक्रधरपुर को अनुमंडल से जिला और मनोहरपुर को अनुमंडल बनाए जाने की मांग पुरजोर तरीके से उठ रही है। स्वर्ग देवेंद्र मांझी के प्रयास से चक्रधरपुर अनुमंडल बनने के पश्चात यह भी ऐतिहासिक होगा कि उनकी धर्मपत्नी जोवा मांझी के सांसद कार्यकाल में चक्रधरपुर अनुमंडल से जिला और स्व देवेंद्र मांझी के पुत्र जो मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक है और विधायक जगत माझी के कार्यकाल में मनोहरपुर अनुमंडल बनने के मार्ग प्रशस्त होंगे यह निश्चित और उपलब्धि और गौरव की बात होगी।





## चक्रधरपुर से रांची रात्रि बेला में भी जाना आना हो गया आसान

# यह उस समय से संभव हो पाया जब थाना प्रभारी थे रतिभान

संवाददाता

चक्रधरपुर से बंदगांव दुर्गम और घाटी मार्ग जो कभी दिन में भी असुरक्षित माना जाता था अब देर रात्रि बेला में भी इस मार्ग पर धड़ल्ले से वाहनों का परिचालन होता है।

बरसों पूर्व इस दुर्गम घाटी पर चलना काफी असुरक्षित महसूस किया जाता था किंतु वर्तमान समय में इस मार्ग की भी यह विशेषता हो गई है की रात्रि 8:30 बजे चक्रधरपुर से रांची के लिए बस का परिचालन होता है। रांची चाईबासा मुख्य पथ पर बंद गांव घाटी जो काफी दुर्गम और टेढ़ी सड़क मार्ग के कारण इसे जलेबी घाटी का भी नाम मिला हुआ है ।

दिन में ही कभी छिनतई की घटना और सड़क जाम कर लूटपाट की घटना का अंजाम दिया जाता था किंतु जब बंदगांव थाना के थाना प्रभारी के रूप में रतीभान सिंह जो वर्तमान समय में कोडरमा के डीएसपी है उनके पदस्थापना काल में पूरे क्षेत्र में शांति व्यवस्था और लुटेरे और छिनतई करने वालों की जिस प्रकार से खोज खबर ली गई और उनके बीच नकेल डाली गई उसके बाद से यह क्षेत्र काफी सुरक्षित हो चला है आज भी लोग उन्हें इस क्षेत्र में बेहतर कार्य और बेहतर व्यवस्था के लिए याद करते हैं आईजी पद से सेवानिवृत होने वाले 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी जो पश्चिम सिंहभूम चाईबासा के पुलिस अधीक्षक रह चुके हैं वह जब विगत दिन चाईबास आए थे तब उन्हें जब बंद गांव का वाक्या याद दिलाया गया तो उन्होंने भी वर्तमान समय में इस क्षेत्र में वर्तमान स्थिति को काफी बेहतर माना और उन्हें जब बताया गया कि वर्तमान डीएसपी रतीभान सिंह के कार्यकाल में ही यहां जो माहौल बना वह अब तक बरकरार है तो उन्होंने श्री सिंह की सराहना की बीएम न्यूज के संपादक विनय मिश्रा ने कोडरमा के डीएसपी रतीभान सिंह को उनके पद स्थापना कल के दौरान किए गए कार्य के फल स्वरुप वर्तमान समय में रात्रि बेला में इस घाटी मार्ग पर धरले सामानों के आवागमन और बेहतर सुरक्षा भावना की जानकारी दी तो रतिभान सिंह भी काफी प्रसन्नचित हुए और कहा कि उनके पदस्थापना काल के दौरान यह सर्वोच्च प्राथमिकता रही की इस मार्ग पर चलने वाले लोग निर्भीकता के साथ और सहज रूप से आवागमन करें गौरतलब हो कि उस समय टेबो थाना का गठन भी नहीं हुआ था बदगांव थाना क्षेत्र काफी विस्तृत थाना के रूप में पहचाना जाता था।



# हंटरगंज में टीएसपीसी का खूंखार पूर्व नक्सली मिथुन समेत 3 अपराधी धराए

संवाददाता

**चतरा :** पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल को मिली गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी में हंटरगंज थाना पुलिस ने टीएसपीसी के हरेंद्र गंझू दस्ते के पूर्व सक्रिय सदस्य मिथुन कुमार को दो अपराधी साथियों सोनू पासवान और बादल गुप्ता के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी खुटी केवाल खुर्द गांव में बड़ी हिंसक घटना की साजिश रच रहे थे। यह जानकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप कुमार सुमन ने अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी।उन्होंने बताया कि इन अपराधियों द्वारा किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की साजिश की थी लेकिन वक्त रहते ही इन लोगों को गिरफ्तार किया गया है गिरफ्तार अभियुक्त मिथुन के पास से लोडेड देशी कट्टा, सोनू के पास से जिंदा कारतूस बरामद किया गया। साथ ही अपाचे बाइक बरामद किया। जो जोरी थाना क्षेत्र से चोरी की गई थी। मिथुन पर लेवी वसूली, आगजनी (विकास कार्यों में लेवी,वाहनों को फूंकना इत्यादि के दर्जनों केस दर्ज है । वहीं सोनू पर डकैती, बादल पर चोरी के पुराने मुकदमे दर्ज है।



## समय से नहीं चल रही ट्रेनें

**जमशेदपुर :** हावड़ा मुंबई मार्ग में ट्रेनों के लेट चलने का सिलसिला थम नहीं रहा है। इससे रोज दर्जनभर ट्रेनों के हजारों यात्रियों को परेशानी हो रही है। लेकिन रेलवे के परिचालन सिस्टम में बदलाव नहीं हुआ। रविवार को भी हावड़ा से एक्सप्रेस, इस्पात एक्सप्रेस दिन में 10 बजे के बदले 2 बजे बाद टाटानगर पहुंचेगी। जबकि, मुंबई मार्ग की बिलासपुर होकर मुंबई गीतांजलि, अहमदाबाद हावड़ा, कुर्ला, बक्सर बिलासपुर एक्सप्रेस समेत कई ट्रेन दो से चार घंटे तक लेट चल रही है। बताया जाता है कि ट्रेनों के लेट चलने की लगातार शिकायत हो रही है लेकिन रेलवे यात्रियों की शिकायत पर ध्यान नहीं देकर ट्रेनों को छोटे-छोटे स्टेशनों पर रोक कर लेट करता है।


साहित्य, काव्य, संगीत तथा नृत्य शैलियों तथा सांस्कृतिक विविधताओं का देश भारत के गणतंत्र की 77वें पावन दिवस के अवसर पर समस्त देशवासी को मेरी ओर से ढेर सारी शुभकामनाएं



निवेदक
डॉ. खिरोधर प्रसाद यादव
प्राचार्य, संताल परगना महाविद्यालय
दुमका (झारखंड)



जीवंत संसदीय लोकतंत्र वाला राष्ट्र भारत के गणतंत्र की 77 वें पावन दिवस के अवसर पर जरमुंडी प्रखंड के तमाम कृषकों एवं आम जनता को मेरी ओर से ढेर सारी शुभकामनाएं



निवेदक
मिथिलेश कुमार
प्रखंड कृषि पदाधिकारी सह
प्रखंड तकनीकी प्रबंधक(बी.टी.एम)
जरमुंडी( दुमका)



विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक राष्ट्र भारत के गणतंत्र की 77वें पावन दिवस के अवसर पर संपूर्ण देशवासी को मेरी ओर से ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई



निवेदक
महेश प्रसाद साह
प्रसिद्ध व्यवसायी सह समाजसेवी
बाबा बासुकीनाथ धाम (दुमका)



अपने शौर्य ,साहस और सौंदर्य का अद्भुत परिदृश्य प्रस्तुत करता समृद्धशाली राष्ट्र भारत के गणतंत्र की 77वें पावन दिवस के अवसर पर समस्त देशवासी को मेरी ओर से बहुत-बहुत हार्दिक शुभकामनाएं



निवेदक
गोपाल चंद्र गण (दादा)
वरिष्ठ भाजपाई सह समाजसेवी
नीचे बाजार जरमुंडी(दुमका)



गणतंत्र दिवस पर सिल्ली मुरी समेत पूरे देश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

नोट- (शादी व्याह एंव मीटिंग के लिए विशेष सुविधा)



निवेदक
श्री मृत्यंजय महतो
सोनाली लाज सह द विलेज रिसार्ट एंड वैंक्वेट
सुलुमजुडी, सिल्ली रांची।



डॉ रेणु देवी व मातृछाया नर्सिंग होम की ओर से सिल्ली मुरी समेत सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



निवेदक
श्री विष्णु कुमार
सिल्ली रांची।



गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स,दुमका परिवार के तरफ से सभी देशवासियों को कोटि कोटि हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।



विजय कुमार दूबे
जिला सचिव
भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, दुमका।



अनेकता में एकता को प्रस्तुत करता संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न राष्ट्र भारत के गणतंत्र की 79वें पावन दिवस के अवसर पर नगर पंचायत बासुकीनाथ क्षेत्र की तमाम जनता को मेरी ओर से ढेर सारी शुभकामनाएं एवं झारखंडी मानोत जोहार



निवेदक
उमेश पंडा
जन प्रिय युवा समाजसेवी सह नगर अध्यक्ष आजसू पार्टी, नगर पंचायत बासुकीनाथ (दुमका)



रूडसेट संस्थान सिल्ली की ओर से
गणतंत्र दिवस पर सिल्ली मुरी समेत पूरे देश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।



निवेदक : श्री संजीत कुमार
निदेशक, सिल्ली, रांची।
(बेरोजगारों के लिए निशुल्क प्रशिक्षण)



गणतंत्र दिवस पर सिल्ली मुरी समेत पूरे देश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।



निवेदक
श्री डॉक्टर रमणेश प्रसाद
मुरी सिल्ली रांची।



गणतंत्र दिवस पर सिल्ली मुरी समेत पूरे देश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।



निवेदक
नागरिक सुरक्षा अधिकार मंच
मुरी सिल्ली रांची।
नोट- (नागरिकों की सुरक्षा के लिए सदैव सक्रिय)